इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव






# रूसी उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से मिले पीएम मोदी, व्यापार-ऊर्जा जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

नई दिल्ली। रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव भारत के दौरे पर हैं। सोमवार को उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने व्यापार एवं आर्थिक संबंधों, ऊर्जा और संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। इससे विदेश मंत्री एस जयशंकर और डेनिस मंटुरोव ने मुंबई में भारत-रूस बिजनेस फोरम में रूसी और भारतीय व्यवसायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। यह मुलाकात मंगलवार को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले अंतर-सरकारी रूसी-भारतीय आयोग के 25वें सत्र से पहले हुई।



उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव से मुलाकात के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि, आज रूस के प्रथम उप प्रधान मंत्री डेनिस मंटुरोव से मिलकर खुशी हुई। यह देखकर खुशी हुई कि भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरी हालिया यात्राओं और बैठकों के दौरान लिए गए निर्णयों को लागू करने के लिए दोनों पक्षों की टीमें मिलकर काम कर रही हैं।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी हालिया यात्राओं और बैठकों के दौरान लिए गए निर्णयों के कार्यान्वयन के लिए दोनों पक्षों की टीमों द्वारा किए जा रहे निरंतर और संयुक्त प्रयासों का स्वागत किया है। मंगलवार को मंटुरोव और विदेश मंत्री जयशंकर मंगलवार को व्यापार, आर्थिक, वैज्ञानिक, तकनीकी और सांस्कृतिक सहयोग (आईआरआईजीसी-टीईसी) पर भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग के 25वें सत्र की सह-अध्यक्षता करेंगे।

### भारत और रूस ने पैंट्सिर वेरिएंट समझौते पर हस्ताक्षर किए

भारत में रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र के एक प्रमुख उपक्रम ने पैंट्सिर वायु रक्षा मिसाइल-गन प्रणाली के वेरिएंट पर सहयोग के लिए रूस के रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। पैंट्सिर वायु रक्षा प्रणाली ऐसा प्लेटफॉर्म है, जिसे अहम सैन्य और औद्योगिक केंद्रों को हवाई खतरों से बचाने व वायु रक्षा इकाइयों को मजबूत बनाने के लिए बनाया गया है।

रक्षा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (डीपीएसयू) के अनुसार, भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) और रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के बीच समझौता ज्ञापन पर हाल ही में गोवा में पांचवें आईआरआईजीसी (भारत-रूस अंतर-सरकारी आयोग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# योगी के बटेंगे तो कटेंगे बयान पर बोले खरगे- यह साधु नहीं, आतंकी की भाषा है

पलामू/ रांची। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और असम के सीएम हिमंता बिस्वा सरमा का नाम लेकर उन पर बड़ा जुबानी हमला किया. झारखंड की छतरपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री खुद को बैकवर्ड का बेटा बताते हैं, लेकिन वह फॉरवर्ड को सपोर्ट करते हैं. वह बैकवर्ड को कुचलने वालों को सपोर्ट करते हैं.



खरगे ने योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए कहा कि वे साधु का ड्रेस पहनते हैं, पर लोगों के बीच आकर 'बंटेंगे तो कटेंगे' जैसी बात बोलते हैं, क्या ये साधु का काम है? ऐसा कोई टेररिस्ट बोल सकता है, साधु नहीं बोल सकते हैं. कांग्रेस अध्यक्ष यहीं नहीं रुके, उन्होंने योगी को लक्ष्य करते हुए कहा कि क्या उन्होंने गेरुआ वस्त्र प्रधानमंत्री की तरह झूठ बोलने के लिए पहना है? साधु तो करुणामय होते हैं. उन्होंने बहुत के घरों को बुलडोजर लगाकर तोड़ दिया. जब राजीव गांधी को मानव बम से उड़ाया गया तो उनके टुकड़े-टुकड़े हो गए. टुकड़े जोड़कर उनकी अंतिम क्रिया की गई. ऐसा करने वाले लोगों को सोनिया गांधी ने माफ कर दिया. इसे करुणामय कहते हैं.

साथ ही उन्होंने कहा असम के सीएम ने झारखंड में हमारे कार्यकर्ताओं को धमकी दी. लेकिन, हम डरने वाले नहीं हैं. यहां की जनता जब अंग्रेजों से नहीं डरी, तो इनसे क्या डरेंगे. हमारा स्लोगन एक ही है, हम डरेंगे तो मरेंगे, इसलिए हम डरेंगे नहीं. समाज को बांटने वाले लोग फिर समाज को बांटने में लगे हैं.

### पीएम मोदी झूठ बोलते हैं - खरगे

उन्होंने कहा कि मोदी और शाह लोगों को बहुत डराते हैं. शाह को डराने का पावर मोदी जी ने दिया है. उन्हें सहकारिता मंत्रालय भी दिया गया है. क्या और कोई काबिल नहीं है? कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, मोदी जी हमेशा ये कहते हैं कि भगवान ने मुझे आपकी सेवा के लिए भेजा है. वे ये नहीं बोलते कि मैं मां के पेट से पैदा हुआ हूं. वे कहते हैं कि मैं ऊपर से आया हूं. वे गुजरात से आकर वाराणसी में एमपी बने. लोग उनके उसूलों से नफरत करते हैं, इसलिए उनका वोट प्रतिशत घटा है. वे झूठ बोलने में माहिर हैं.

# भाजपा ने खड़गे और राहुल की चुनाव आयोग से शिकायत की



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में प्रचार के दौरान कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आपत्तिजनक भाषणों की चुनाव आयोग से शिकायत की और उनके विरुद्ध पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराने की मांग की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव अरुण सिंह, भाजपा नेता संजय मयूख, ओम पाठक और प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोमवार शाम यहां चुनाव आयोग में जाकर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के विरुद्ध शिकायत का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं के भाषणों को उद्धृत करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव आयोग के परामर्श और निर्देशों के अलावा भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने के लिए भारतीय न्याय संहिता, 2023 (बीएनएस) की धारा 152, सार्वजनिक अराजकता को बढ़ावा देने वाले बयान के लिए धारा 353 (1) तथा कोई भी इलेक्ट्रॉनिक माध्यम सहित कोई बयान, झूठी जानकारी, अफवाह या रिपोर्ट प्रकाशित या प्रसारित करने एवं चुनाव के संबंध में वर्गों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 125 का उल्लंघन किया है।

ज्ञापन में कहा गया कि भारत के संविधान द्वारा अधिदेशित स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से आयोजित किए जाते हैं। केवल कांग्रेस पार्टी और श्री राहुल गांधी सहित इसके कुछ नेताओं पर निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने में देश के कानून, एमसीसी एवं आयोग की विशिष्ट सलाह और निर्देशों का कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। हम आयोग से दृढ़तापूर्वक अनुरोध कर सकते हैं कि वह कांग्रेस और उसके नेता श्री राहुल गांधी द्वारा आदर्श आचार संहिता और लागू चुनावी कानूनों की पूरी तरह से अवहेलना करते हुए निरंतर अप्रमाणित, दुर्भावनापूर्ण और निंदनीय अभियान का संज्ञान ले। इसलिए, हम आयोग से अनुरोध करते हैं कि चुनाव प्रचार के शेष कार्यकाल के दौरान राहुल गांधी को झूठ बोलने पर फटकारें, निंदा करें और रोकें। इसके अलावा उपरोक्त धाराओं के तहत मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दें।

# मणिपुर में सुरक्षाबलों ने 10 उग्रवादियों को मार गिराया- सीआरपीएफ चौकी पर हमला करने पहुंचे थे; 1 जवान भी घायल, 5 स्थानीय लोग लापता

इंफाल। मणिपुर के जिरिबाम जिले में सोमवार को सीआरपीएफ जवानों ने एनकाउंटर में 10 कुकी उग्रवादियों को मार गिराया। घटना दोपहर 2.30 बजे बोरोबेकेरा के जकुराडोर करोंग इलाके की है।

यहां के पुलिस स्टेशन और सीआरपीएफ चौकी पर इन उग्रवादियों ने हमला किया था। जवाबी कार्रवाई के दौरान सीआरपीएफ का एक जवान घायल हुआ, उसका असम के सिलचर में इलाज जारी है। ये इलाका असम सीमा से लगा हुआ है। पुलिस स्टेशन के नजदीक ही मणिपुर हिंसा में विस्थापित लोगों के लिए एक राहत शिविर है। यहां रह रहे लोग कुकी उग्रवादियों के निशाने पर हैं। शिविर पर पहले भी हमले हो चुके हैं। एहतियातन इस इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई और अगले आदेश तक कर्फ्यू लगाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक उग्रवादी सैनिकों जैसी वर्दी पहने थे।



इनके पास से 3 AK राइफल, 4 SLR , 2 इंसास राइफल, एक RPG, 1 पंप एक्शन गन, बीपी हेलमेट और मैगजीन बरामद हुई हैं।

### इंफाल में 3 दिन में भारी गोला-बारूद जब्त

असम राइफल्स ने सोमवार को बताया कि बीते 3 दिनों में मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने कई हथियार, गोला-बारूद और IED जब्त किए हैं। 9 नवंबर को असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की जॉइंट टीम ने चुराचांदपुर जिले के एल खोनोम्फई गांव के जंगलों से एक.303 राइफल, दो 9 एमएम पिस्टल, छह 12 सिंगल बैरल राइफल, एक.22 राइफल, गोला-बारूद और सामान जब्त किया था।

इसके अलावा एस चौंगौबंग और कांगपोकपी जिले के माओहिंग में एक 5.56 मिमी इंसास राइफल, एक प्वाइंट 303 राइफल, 2 एसबीबीएल बंदूकें, दो 0.22 पिस्तौल, दो इंप्रोवाइज्ड प्रोजेक्टाइल लांचर, ग्रेनेड, गोला-बारूद जब्त किए गए थे। 10 नवंबर असम राइफल्स, मणिपुर पुलिस और बीएसएफ की जॉइंट टीम ने काकचिंग जिले के उतांगपोकपी के एरिया में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया था। इसमें एक 0.22 राइफल, गोला-बारूद और सामान शामिल था।

# पीसीसी चीफ दीपक बैज का बड़ा आरोप, कहा बीजेपी बांट रही सोने के सिक्के और दारू




रायपुर। रायपुर दक्षिण उपचुनाव के प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने बीजेपी पर गंभीर आरोप लगाया है. उन्होंने कहा कि बीजेपी जनता को प्रलोभन देने के लिए सोने के सिक्के बांट रही है.

दीपक बैज ने चुनाव आयोग से इस पर संज्ञान लेने की मांग की है. दरअसल, आज कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता कर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने दक्षिण उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के मुद्दे और रणनीति को लेकर जानकारी दी. इसी बीच उन्होंने बीजेपी पर जनता को प्रलोभन देने अलग-अलग सामग्रियां बांटने का आरोप लगाया और चुनाव आयोग को संज्ञान में लेने की बात कही.

पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा बीजेपी दक्षिण का उपचुनाव जीतने के लिए हर हथकंडे अपना रही है. इससे साफ होता है कि बीजेपी डरी हुई है. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी- परिसर में हाई अलर्ट, सुरक्षा बढ़ाई गई

नई दिल्ली। खालिस्तानी आतंकी गुर पतवंत सिंह पन्नू ने अयोध्या के राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। उसने यह धमकी अपना वीडियो जारी करते हुए दी है। आतंकी पन्नू ने कहा है कि 16-17 नवंबर को राम मंदिर में हिंसा होगी।



इस धमकी भरे वीडियो की जानकारी मिलने के बाद यहां राम जन्मभूमि परिसर में हाई अलर्ट कर दिया गया है। वरिष्ठ अधिकारी खुद भी मौके पर मौजूद हैं और परिसर की सघन तलाशी ली जा रही है। राम मंदिर की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने पूरे परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया है। इस बारे में फिलहाल कोई अधिकारी कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।

राम मंदिर की सुरक्षा से जुड़े अधिकारियों ने सोमवार को पूरे परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया है। एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दुबे ने एटीएस के जवानों व पुलिस बल के साथ राम जन्मभूमि के दर्शन पथ व समूचे परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को परखा।

उन्होंने कहा कि परिसर की सुरक्षा पहले से ही अभेद्य है। 24 घंटे पूरे परिसर की निगरानी की जाती है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीजेपी की राजनीतिक फसल बढ़ रही, खराब हिस्से पर छिड़कना होगा कीटनाशक', बोले नितिन गडकरी

मुंबई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी अपने बेबाक बयानों के लिए जाने जाते हैं, एक इंटरव्यू में उन्होंने बीजेपी की मौजूदा स्थिति और कई अहम मुद्दों पर खुलकर बात की। गडकरी ने कहा कि बीजेपी में अलग-अलग पार्टियों के नेताओं और कार्यकर्ताओं का आना जारी है। उन्होंने कहा, 'बीजेपी कार्यकर्ताओं की पार्टी है, नए लोग अलग-अलग कारणों से आ रहे हैं, उन्हें प्रशिक्षित करना, विचारधारा सिखाना और उन्हें अपना कार्यकर्ता बनाना हमारी जिम्मेदारी है, हमारी कोशिश जारी है, हजारों कार्यकर्ता मेहनत करते हैं, पर कभी एक कार्यकर्ता की गलत बात उन हजारों की मेहनत पर पानी फेर देती है।' गडकरी ने आगे कहा, 'हमारे देश में मतभेद कोई समस्या नहीं है, लेकिन सोच का अभाव एक समस्या है, सुविधाजनक राजनीति महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि विचारधारा के साथ की जाने वाली राजनीति महत्वपूर्ण है.' बीजेपी में अन्य पार्टियों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं के कारण कभी-कभी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।



इस पर गडकरी ने कहा, 'जैसे-जैसे फसल बढ़ती है, बीमारियां भी बढ़ती हैं, बीजेपी में बहुत फसल है, जो अच्छे अनाज के साथ कुछ बीमारियां भी लाती है, इसलिए हमें ऐसी बीमार फसल पर कीटनाशक का छिड़काव करना पड़ता है.' 2024 के लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र, जो बीजेपी का गढ़ माना जाता था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# झारखंड में पहले चरण के लिए प्रचार थमा

रांचीः झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के प्रथम चरण की 43 सीटों पर प्रचार अवधि समाप्त हो गयी है। मतदान की तैयारी पूरी हो चुकी है। सोमवार को 225 में से 194 मतदान केंद्रों पर हेलीड्रापिंग के माध्यम से मतदान कर्मियों को पहुंचा दिया गया है। बाकी बचे बूथों पर मंगलवार को हेलीड्रापिंग से मतदान कर्मियों को बूथों पर पहुंचा दिया जाएगा। दूसरे चरण में कोई हेलीड्रापिंग नहीं होगी।




### 950 बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण में 13 नवंबर को सुबह सात से पांच बजे तक मतदान होगा। 950 बूथों पर मतदान समाप्ति की अवधि शाम चार बजे होगी, लेकिन मतदान समय की समाप्ति के बाद भी कतार में खड़े लोग मतदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मतदान वाले क्षेत्र में चुनाव प्रचार आदि के लिए बाहर से गए राजनीतिक नेता, कार्यकर्ता को वह जगह तत्काल छोड़ देना है। वे ही वहां रह सकेंगे, जो उस क्षेत्र के मतदाता हैं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की स्पष्ट गाइडलाइन है कि कोई भी बाहरी व्यक्ति मतदान वाले क्षेत्र में नहीं रहेगा। इसमें बीमारी की हालत में छूट के लिए मेडिकल बोर्ड के परीक्षण के परिणाम के आधार पर निर्णय होगा। के. रवि कुमार कहा कि मतदान की निजता अनिवार्य है। इस स्थिति में मतदान केंद्र के भीतर मोबाइल ले जाना, फोटो लेना, वीडियो बनाना अवैध है। ऐसा करते पकड़े जाने पर सजा का भी प्रावधान है। लोकसभा चुनाव के दौरान ऐसे मामले पकड़ में आने के बाद कार्रवाई भी की गयी थी। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव में कुल 1.37 करोड़ मतदाता मतदान में हिस्सा लेंगे। उनमें पुरुष मतदाता 68.73 लाख और महिला मतदाताओं की संख्या 68.36 लाख है। थर्ड जेंडर के मतदाताओं की संख्या 303 है। 85 वर्ष से अधिक के मतदाताओं की संख्या 63,601 है। जबकि, दिव्यांग मतदाताओं की संख्या 1.91 लाख है। वहीं 18-19 साल के मतदाताओं की संख्या 6.51 लाख है।

### पहले चरण में 683 प्रत्याशियों के राजनीतिक भविष्य का होगा फैसला

प्रथम चरण में कुल 43 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)






# आज देवउठनी एकादशी पर्व, तुलसी विवाह की रहेगी धूम

## आज जागेंगे देवता, देव उठनी पर्व के साथ शुभ एवं मांगलिक कार्यों की होगी शुरुआत, गूंजेगी शहनाईयां, बाजार में जमकर होगी खरीदारी

राजनांदगांव (दावा)। आज कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर शहर सहित पूरे अंचल व देश भर में देवउठनी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। आज सती माता तुलसी वृंदा की भगवान श्री हरि विष्णु के साथ विवाह की भी धूम बनी रहेगी। हर सनातन धर्मियों के घर- आंगन में स्थित तुलसी चौरा में गन्ने के मंडप छाजन के साथ विधि - विधान से वैवाहिक रस्मों को निभाते हुए भगवान विष्णु के साथ तुलसी वृंदा का विवाह किया जाएगा। महिलाओं के द्वारा तुलसी माता में वैवाहिक रस्मों के अनुसार, हल्दी, चंदन चढ़ाकर वैवाहिक प्रसाधन चूड़ी, फूंदरी, चूनरी, महावीर टिकली, कंघा, दर्पण आदि अर्पित किया जाएगा।

बता दें कि देव उठनी को छोटी दीवाली पर्व के रूप में मनाया जाता है। घर-घर दीप जलाए जाते हैं। मांगलिक गीत गाए जाते हैं और देवताओं के जाग जाने की खुशी में जमकर आतिशबाजी की जाती है। इसी तरह भगवान विष्णु के साथ तुलसी वृंदा के विवाह होने की खुशी में दीपावली की तरह छत्तीसगढ़ अंचल में जैठौनी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। चूंकि इस पर्व में तुलसी विवाह पर गन्ने का छाजन किया जाता है इसलिए बाजार में गन्नों की मांग बढ़ गई है। बाजार में गन्ना 100 रुपए जोड़ी बेचा जा रहा है। कहीं-कहीं 100 रुपए में 3 नग गन्ना बेचा जा रहा है। आज तुलसी विवाह पर इसके दाम 150 से 200 रुपए जोड़ी जा सकता है।



### पूजा सामग्री की दुकानें सजी

देवउठनी पर्व को लेकर शहर के जयस्तंभ चौक से लेकर मुख्य मार्केट गोलबाजार, हाट बाजार गंज चौक सहित अन्य स्थानों में पूजा सामग्री की दुकानें सज गई हैं। जयस्तंभ चौक में पूजा सामग्री की दुकानें सजाए एक व्यवसाई महिला ने तुलसी पूजा में उपयोग आने वाले पूजा सामग्री, मौसमी फल-फूल सहित अन्य चीजों के एकमुश्त दाम 50 रुपए बताया। वहीं धान से बने कलात्मक झूल को 30 रुपए से लेकर 50 रुपए तक बेचा जाना बताया। उनके पास तुलसी विवाह के लिए पूजा सामग्री सहित महिला सौंदर्य प्रसाधन की चीजें चूड़ी चूनरी फूंदरी आदि अभी से बिकना शुरू हो गया है। खास कर महिलाओं द्वारा इसकी जमकर खरीददारी की जा रही है। आज तुलसी विवाह पर इन सामग्रियों की खरीदारी और भी बढ़ जाएगी

### वैवाहिक एवं मांगलिक कार्यों की शुरुआत

देवउठनी एकादशी के साथ ही शुभ और मांगलिक कार्यों की शुरुआत हो जाएगी। घरों में शादियों के शहनाईयां बजने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। आज 12 नवंबर को देवउठनी पर्व के शुभ मुहूर्त में बैंड बाजा, धुमाल बाजा, दमऊं- दफड़ा वाले सामाजिक बाजों की गूंज सुनाई देगी। इसके लिए शहर में पहले से ही मांगलिक भवने सामुदायिक भवन, बैंड- बाजे कैंटरिंग आदि बुकिंग कर लिए गए हैं। देवउठनी एकादशी से बंपर शादियों का अनुमान है। इसके चलते होटल, रेस्टोरेंट, गेस्ट हाउस, सोने - चांदी व बर्तन के दुकान व किराया भंडार सहित केटरिंग और कपड़े-लत्ते तथा इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की दुकानें, रजाई- गद्दा, फर्नीचर, आलमारी, फ्रीज, वाशिंग मशीन, सहित अन्य सेक्टरों से जुड़े व्यवसाईयों को बेहतर कारोबार होने की उम्मीद है।

### नवंबर व दिसंबर माह में अधिक शादियां

शहर के ख्यातिनाम ज्योतिषी पातंजलि बाजपेई ने बताया कि इस माह नवम्बर व अगले दिसंबर माह में शादियों की भरमार रहेगी। जिले में कम से कम उन्होंने साढ़े 300 के करीब शादियां व शुभ मांगलिक कार्य बताए। उन्होंने नवंबर माह में 12,13,17,18, 22, 23, 25, 26 और 28 को मुहुर्त बताया है वहीं दिसंबर माह में 4, 5, 9, 10, 14 एवं 15 दिसंबर को विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बताया है। अतः आज देवउठनी एकादशी से पुनः शादी व शुभ मंगल के कार्यों की शुरुआत होने से जहां बाजार गुलजार रहेगा साथ ही शादी-ब्याह के सिलसिले चल पड़ने से हर जगह चहल-पहल बढ़ उठेगी। परिवहन बसे, कार, आटो टेम्पो, बोलेरो, तूफान आदि चार पहिया वाहनों सहित अन्य परिवहन वाहनों की मांग बढ़ जाएगी। शादी विवाह के मुहुर्त को देखते हुए इसके पहले से ही बुकिंग कर लिए जाने के भी समाचार सुनने में हैं।

# जिला किसान संघ के लोगों ने मुख्यमंत्री को 100 की संख्या में किया ज्ञापन पोस्ट




**किसान नेता सुदेश टीकम के नेतृत्व में पोस्ट आफिस चौक में जमकर की गई नारेबाजी**

राजनांदगांव (दावा)। बीते दिनों जिला प्रशासन के सहयोग से किसानों की समस्याएं को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मिलने जा रहे किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल को उल्टे पांव वापिस भेज दिए जिससे नाराज़ किसानों ने सोमवार को लगभग 100 की संख्या में ज्ञापन पोस्ट के द्वारा सीएम के नाम प्रेषित किया गया है। इस दौरान पोस्ट आफिस चौक में पुलिस की तगड़ी व्यवस्था रही।

किसान नेता सुदेश टीकम के नेतृत्व में आयोजित उक्त ज्ञापन प्रेषण के दौरान श्री टीकम के साथ मोतीलाल सिन्हा, मदन साहू सहित बड़ी संख्या में किसानों की भीड़ रही। किसानों ने अपने साथ हुए शासन व स्थानीय प्रशासन द्वारा की गई अपमान जनक व्यवहार के लिए नारेबाजी करते हुए जमकर भड़ास निकाली। किसानों द्वारा पोस्ट आफिस के माध्यम से 100 पन्नों का ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित किए जाते समय पोस्ट आफिस चौक पर भीड़ बनी रहने से तथा यहां पर ट्रैफिक सिग्नल लगे होने की वजह से कुछ समय तक चक्काजाम की स्थिति बनी रही। किसान संघ द्वारा अपने ज्ञापन में किसानों 117 रुपए समर्थन मूल्य वृद्धि का लाभ देते हुए शासन से 3217 रुपए समर्थन मूल्य में किसानों से धान खरीदी की मांग की है।

# दिगम्बर लॉज पुराना बस स्टैण्ड में चल रहा था अनैतिक देह व्यापार

## रेड कार्यवाही में पुलिस के हत्थे चढ़े गए तीन आरोपी

राजनांदगांव (दावा)। सिटी कोतवाली पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त कार्यवाही में पुराना बस स्टैंड स्थित दिगंबर लाज में रेड कार्रवाई कर अनैतिक देह व्यापार में जुटे तीन लोगों को धर दबोचा गया है। लाज में चल रहे अनैतिक देह में संलग्न लॉज संचालक सहित तीन आरोपी को पीटा एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया गया है। कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि अनैतिक देह व्यापार में संलग्न पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 6 नग स्क्रीन टच मोबाईल कीमत 60 हजार रू. व नगदी रकम 4 हजार 400 रू. सहित 4 पैकेट निरोध की आपत्तिजनक वस्तु जब्त किया गया है। थाना प्रभारी श्री साहू ने पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपियों के नाम प्रीमन जैन उर्फ अप्पू पिता सुभाषचंद जैन उम्र 42 वर्ष निवासी केशर नगर गायत्री स्कूल के पास, कुणाल शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा उम्र 18 वर्ष 08 माह निवासी वार्ड नं. 06 चिखली चौकी व रितिक रोड पिता करमवीर रोड उम्र 18 वर्ष 05 माह निवासी ग्राम नमन तहसील व थाना मतलोडा जिला पानीपत हरियाणा है।



कोतवाली थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि रविवार 10 नवंबर को मुखबीर के द्वारा सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड के पास स्थित दिगम्बर लॉज में लॉज के संचालक द्वारा अनैतिक देह व्यापार संचालित किया जा रहा है। उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल अवगत कराया गया।

इस पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में हमराह निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल एवं सायबर स्टॉफ तथा थाना कोतवाली स्टॉफ के संयुक्त रूप से टीम गठित कर मौका पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जिस पर प्रीमन जैन उर्फ अप्पू, कुणाल शर्मा पिता स्व. सुनील शर्मा व रीतिक रोड को लॉज के अंदर तीन महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पाये जाने पर धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पुनर्निर्मित के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियों के कब्जे से 6 नग स्क्रीन टच मोबाईल, नगदी रकम एवं आपत्तिजनक वस्तु जप्त किया गया तथा तत्संबंधित अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियो खिलाफ अपराध क्रमांक 698/24 धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पुनर्निर्मित कायम कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर उन्हें जेल अभिरक्षा मे भेजा दिया गया है।

### आदतन अपराधी है मुख्य आरोपी

बताया जाता है कि प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रीमन जैन उर्फ अप्पू जैन आदतन अपराधी है। इसके खिलाफ पूर्व में थाना कोतवाली में अप.क्र. 930/15 धारा 294, 323, 506 भादवि., अप.क्र. 461/18 धारा 13 जुआ एक्ट, अप.क्र. 605/22 धारा 294, 323, 506 भादवि, अप.क्र. 691/23 धारा 294, 506, 385 भादवि. कायम कर चालान किया गया है तथा 6 बार धारा 151, 107, 116(3) जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। दिगंबर लाज के रेड कार्रवाई में सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार, कोतवाली थाने से निरीक्षक संजय बरेठ, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, विरेन्द्र क्षत्रिय, सउनि. उदय सिंह चंदेल, नंदनी ठाकुर, प्रधान आरक्षक अरूण कौमार्य, महिला आरक्षक महेश्वरी कुर्रे, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, रामनारायण चंदेल, रामखिलावन सिन्हा एवं सायबर सेल स्टाफ सउनि. द्वारिक प्रसाद लाउत्रे, आरक्षक अविनाश झा, आदित्य सिंह, अमित सोनी, महिला आरक्षक पार्वती कंवर तथा थाना स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

# श्रीदासीश्याम प्रभु की शोभा व निशानयात्रा पर निकली भव्य शोभायात्रा



- भागवताचार्य श्रीअनुरागकृष्ण जी शास्त्री भी शोभायात्रा में शामिल
- पूरे रास्ते भर शोभायात्रा में नाचते, गाते, झुमते दिखे भक्तगण
- शोभायात्रा में जगह-जगह प्रसाद वितरण
- मंगलअग्रवाल परिवार द्वारा श्रीदासीश्याम प्रभु का ऐतिहासिक स्वागत
- शहर के लोगों ने आज कई मीराबाई को देखा जो अपने गुरूमां की दिवानी देखी गई

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी शहर में श्रीदासीश्याम प्रभु के स्वर्ण व रजत दोनों जयंती के स्वर्णिम अवसर पर शहर में जयंती की धूम विगत चार दिनों से श्रीअग्रसेन भवन, श्रीश्यामकुटी एवं श्रीशक्तिधाम में रही। जयंती महोत्सव के अवसर पर श्रीअग्रसेन भवन में हो रही मीराचरित्र की पावन कथा का लगातार चार दिनों तक श्रद्धालु भक्तों ने रसपान किया और 12 नवम्बर को कथा का अंतिम दिन है। आज श्रीअग्रसेन भवन में श्रीदासीश्याम प्रभु को 56 भोग लगाया गया और कथा के मुख्य यजमान विनोद सुनिता शर्मा द्वारा श्रीदासीश्याम प्रभु की व श्रीभक्तमाल की आरती के पश्चात 56 भोग की प्रसाद का वितरण किया गया। कथा में श्री शास्त्री ने आज श्रीमीराबाई की युवावस्था और उनके विवाह का प्रसंग बताया। श्रीअग्रसेन भवन में श्रीदासीश्याम प्रभु की जयंती एवं मीराचरित्र की कथा का रसवादन करने हेतु दिन पर दिन भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है जिसके कारण अग्रसेन भवन का हाल भी छोटा पड़ने लगा है जिसके कारण भवन में ही एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई ताकि बाहर बैठे भक्तों को एलईडी स्क्रीन में मीराचरित्र की पावन कथा का श्रवण करते देखा गया। मीराचरित्र का वर्णन करते करते भागवताचार्य अनुरागकृष्ण शास्त्री भावविभोर होकर अश्रु बहाने लगे। जयंती पर्व पर देश के लगभग सभी राज्यों से भक्तगण आये हुए है और अभी तक उनके आने का क्रम जारी है।

श्रीश्यामकुटी से श्रीदासीश्याम प्रभु की निकाली गयी शोभायात्रा बड़ी भव्य एवं विशाल थी, श्रीदासीश्याम प्रभु अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए एक शोभायान, आकर्षित, मनभावन रथ पर विराजमान थे। शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण रसिया ग्रुप चंग धमाल कोलकाता वालों का तथा रामदरबार की निशानयात्रा और भजन मंडली तथा महाकाल मृदग की बहुत धुम रही पुरी शोभायात्रा व निशानयात्रा में शामिल सभी छोटे-बड़े बच्चें, युवतीयां, महिलाएं, पुरूष व बुजुर्ग पूरे रास्ते भर श्रीश्याम धुन एवं श्रीगुरूमां के धुन व भजन पर गाते, नाचते, झुमते व थिरकते रहे। शोभायात्रा जिस रास्ते से भी गुजरी वहां के रहवासियों ने यात्रा का और श्रीदासीश्याम प्रभु के दर्शन कर अपने आपको कृतार्थ किया। शोभायात्रा व निशानयात्रा में महिलाओं ने तो अपने तन, मन की सुधबुध भूल कर गरबा, नित्य किया और रामाधीन मार्ग श्रीश्यामकुटी के पास तथा स्टेशन पारा के श्रीशक्तिधाम में भव्य आतिशबाजी करी गयी। शोभायात्रा की शहर में बड़ी चर्चा का विषय रहा और शोभायात्रा की छटा देखकर लोग उसे सराहते रहे। 25वी एवं 50वी रजत व स्वर्ण जयंती की यादगार आये सभी भक्तों के मन व मस्तिष्क में मधुर यादों को लेकर जायेगें।

शोभायात्रा जिस-जिस रास्ते से निकली श्रीश्यामकुटी परिवार के बच्चों ने स्वागत, वंदन, अभिनंदन और आरतीयां, प्रसाद का वितरण किया प्रसादी में मुख्य रूप से मेवा, काजु, किसमिस, बदाम, मखाना, केसर पेड़ा, रसमलाई, ठण्डे, पान, आलू चिप्स तथा चाय, काफी और बिस्कुट के प्रसाद का वितरण किया गया। श्रीदासीश्याम मंडल एवं श्रीश्यामकुटी परिवार के बच्चों को जयंती पर्व पर मिली अपनी-अपनी सेवा का बड़ी तन्मयता से अपना कामकाज छोड़कर बड़ी श्रद्धा व भाव से सेवा की और पूरे कार्यक्रम को सफल बनाया। यह जयंती पर्व दिखावे एवं प्रदर्शन का नहीं था पर्व पूरे भाव भक्ति और प्रेम की धारा का प्रवाह था। प्यारी श्रीगुरूमां, श्रीशक्तिमां और दासीश्याम से जुड़े पूरे के पूरे भक्तजन इस जयंती पर्व पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर अपने आप को धन्य मान रहे थे। शोभा व निशानयात्रा पर मंगल अग्रवाल परिवार द्वारा भव्य आतिशबाजी व आरती की 11 थालियां तथा नारियल, गुलाबजल, इत्र व फूलों से श्रीदासीश्याम प्रभु का भव्य स्वागत किया गया। सबसे मुख्य बात यह रही की श्रीश्यामकुटी से शोभायात्रा के निकालने के पश्चात श्रीदासीश्याम प्रभु मंगल अग्रवाल परिवार के अपने बच्चों को दर्शन देने के लिए और उनसे मिलने के लिए फिर दोबारा मंगल अग्रवाल परिवार के निवास स्थान पर फिर से पधारे तो मंगल अग्रवाल परिवार के सभी लोगों ने जय-जयकारों से आकाश को गुंजायमान कर दिया और भव्य स्वागत कर अपना जीवन धन्य कर लिया।

जयंती महोत्सव पर्व के पंचम दिवस पर सुबह सत्संग व मीराचरित्र के पश्चात श्रीअग्रसेन भवन में रात्रि 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक भजन होगा। श्रीदासीश्याम प्रभु के दिवाने भक्तों ने तो ऐसी स्वर्ण व रजत जयंती प्रतिवर्ष मनाने की अपील, निवेदन, प्रार्थना अपनी प्यारी श्रीगुरूमां से की ताकि उनको ऐसा आनंद, प्रसाद मिलता रहे।

# राज्यपाल रमेन डेका ने विंग कमांडर एमबी ओझा के निधन पर व्यक्त किया गहरा दुःख

रायपुर। राज्यपाल रमेन डेका ने विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) एमबी ओझा जी के निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने 1971 के युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और युद्ध में भारत की विजय के साक्षी भी रहे, माँ भारती की रक्षार्थ अपना सर्वस्व समर्पित करने वाले ऐसे वीर सैनिक को शत्-शत् नमन।

साथ ही राज्यपाल ने कहा कि एमबी ओझा 1971 के युद्ध के साथ-साथ अनेक मिशनों में सभी को अपने अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम से परिचित कराया। तत्पश्चात राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में आश्रय एवं परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# किशन जंघेल का निधन



राजनांदगांव (दावा)। जिले के धर्मनगरी डोंगरगढ़ बस स्टैण्ड ठेठवार पारा निवासी किशन जंघेल (78 वर्ष) की 11 नवम्बर सोमवार की रात्रि को निधन हो गया। गांव भूलाटोला निवासी किशन जंघेल सिंचाई विभाग से सेवानिवृत्त होकर डोंगरगढ़ में निवासरत थे। श्री जंघेल अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गये है। उसकी अंतिम यात्रा आज 12 नवंबर को उसके निज निवास से डोंगरगढ़ मुक्तिधाम के लिए सुबह 11 बजे निकाली जाएगी।

# महिला के साथ छेड़खानी करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। जिले के तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने अपने चौकी क्षेत्र में महिला के साथ हुई छेड़खानी की घटना के आरोपी को गिरफ्तार किया है और उसके इस तरह कि हरकत के लिए जेल की सीखचों के पीछे भेज दिया है। आरोपी देवनाथ पारधी पिता कन्हैया पारधी उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम कोलिहापुरी थाना छुरिया बताया जाता है।

तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी के उप निरीक्षक कैलाश चंद्र मरई ने बताया कि 15 सितंबर को प्रार्थिया शाम 04:30 बजे अपने गांव से पडोस के गांव सांगिनकछार अपनी स्कूटी मे अकेली जा रही थी कि तभी एक मोटर सायकल नंबर सीजी25एल-7787 के चालक देवनाथ पारधी द्वारा पीडिता को अकेली पाकर चलती गाडी में गलत नीयत से हाथ पकड़ लिया। इस पर पीड़िता द्वारा हाथ छुड़ाने पर भी वह छेड़खानी करने लगा। जिस पर पीड़िता के द्वारा पुलिस चौकी तुमडीबोड में लिखित आवेदन करने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 465/2024 धारा 74, 75(2), 78, 351(2) बी.एन.एस. पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

चौकी प्रभारी मरई ने बताया कि इस घटना पर जिला पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव पुष्पेन्द्र नायक के दिशा निर्देशन पर पुलिस चौकी तुमडीबोड द्वारा कार्यवाही करते हुए आरोपी का पता तलाश कर आरोपी देवनाथ पारधी को अभिरक्षा मे लेकर पूछताछ किया गया। इस पर उसके द्वारा अपराध घटित करना स्वीकार किए जाने पर आरोपी देवनाथ को सोमवार 11 नवंबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप श्री मरई सहित महिला प्रधान आरक्षक चंद्रकली कंवर, आरक्षक थलेश देशमुख, राकेश वर्मा व देवानंद परतेती का कार्य सराहनीय रहा।

# पूर्व सांसद अभिषेक सिंह यातायात नगर पहुंचे

## ट्रांसपोर्टरों की मांग पर साफ-सफाई, रोड मरम्मत व लाईट लगाने आयुक्त को दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। नगर में भारी वाहनों से होने वाली असुविधा को ध्यान में रखते हुये नगर निगम द्वारा जी.ई.रोड रेवाडीह के पास यातायात नगर का निर्माण किया गया है, जिसके भू:खण्ड का ट्रांसपोर्टरों को विधिवत आबंटित किया गया। यातायात नगर का आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने निरीक्षण कर ट्रांसपोर्टरों से चर्चा किये और मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को निर्देशित किये।




पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज यातायात नगर पहुँच ट्रांसपोर्टरों से सौजन्य मुलाकात कर उनसे चर्चा किये। ट्रांसपोर्टरों ने कहा कि यातायात नगर की अधिकांश लाईटे बंद है, सड़कों में गढ्डे हो गये है तथा साफ सफाई की भी आवश्यकता है। उन्होंने ट्रक पार्किंग के लिये जगह कम होने की बात कही। सांसद श्री सिंह ने आयुक्त श्री विश्वकर्मा से यातायात नगर के संबंध में जानकारी लिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शहर में भारी वाहनों की पार्किंग से निजात दिलाने नगर निगम द्वारा यातायात नगर का निर्माण किया गया है, जिसमें रोड नाली के साथ-साथ विद्युत खम्बे लगाये गये है और ट्रांसपोर्टरों के लिये कार्यालय तथा शौचालय आदि का निर्माण किया गया है।

यातायात नगर में 165 प्लाट विधिवत लाटरी के माध्यम से आबंटित किया गया है। जिसमें से 41 ट्रांसपोर्टर पूर्ण भुगतान किये है, तथा 53 ट्रांसपोर्टर के द्वारा आंशिक भुगतान किया गया है। जिन्हें शेष राशि का भुगतान कर अनुबंध कराने कहा गया है। पेट्रोल पंप, कोर्ड स्टोरेज, धर्मकाटा आदि के लिये भूमि आरक्षित है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर साफ सफाई करा लाईट मरम्मत किया जाता है।

पूर्व सांसद श्री सिंह ने कहा कि मूलभूत सुविधा रोड मरम्मत कराकर खम्बो में लाईट लगाना सुनिश्चित करे तथा गैंग लगाकर साफ सफाई करावे। उन्होंने समय समय पर यातायात नगर में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने आयुक्त श्री विश्वकर्मा को निर्देशित किये। उन्होंने ट्रांसपोर्टरों से भी नगर निगम को सहयोग करने की अपील किये।

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार दूसरा सप्ताह | रोजाना 4 खेलों में
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
समय : 12,3, 6 व 9 बजे रात्रि
हंसी का खजाना, जादुई चमत्कार
भूल भूलैया 3
कलाकार - कार्तिक आर्यन, विद्या बालन, माधुरी दीक्षित, तृप्ति डिमरी विजय राज़, संजय मिश्रा, राजपाल यादव आदि




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
08th Nov to 14th Nov 2024
silver SCREEN




Amaran (Hindi) - 06:15
Singham Again - 12:00, 12:15, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Bhool Bhulaiyaa 3 - 12:30, 03:15, 03:30, 06:30, 09:15 and 09:30 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

कार्यालय कलेक्टर (स्थानीय निर्वाचन)
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)

**मुद्रण कार्य के लिए निविदा सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में वर्ष 2024-25 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।
1. निविदा फार्म (जिसका कि मूल्य रूपये 100/- है) कलेक्टर कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित फार्म में भरी निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में दिनांक 14.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन उपरान्ह 4:00 बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।
2. मुद्रण के लिए कागज कलेक्टर द्वारा उपलब्ध कराए जायेंगे।
3. निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

जी-242503721/1

कलेक्टर
एवं जिला निर्वाचन अधिकारी
जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गंडई

न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़,
जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प.क्र. 202410095300013-अ/6(अ) वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका धसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी निवासी ग्राम मुढ़िया तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम मुढ़िया पटवारी हल्का नं. 04 राजस्व निरीक्षक मंडल मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित कृषि भूमि खसरा नं. 703, 704/2, 705 रकबा 0.348, 0.243, 0.700 कुल खसरा 03 कुल रकबा 1.291 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका नाम पर दर्ज है। किन्तु राजस्व अभिलेख में आवेदिका का नाम दो बार दर्ज हो गया है। आवेदिका द्वारा राजस्व अभिलेख में अपना नाम धसनीन बाई पति लेखराम जाति लोधी को विलोपित कराना चाहता है। आवेदन पत्र, आधार कार्ड, बी-1 खसरा की प्रति पेश किया है।

अत: उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 14.11.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
नजूल जाँच, राजनांदगांव

छ.ग. गृह निर्माण मंडल, वृत्त -दुर्ग

**प्रथम निविदा आमंत्रण विज्ञापन क्रं. 15**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, वृत्त-दुर्ग अंतर्गत निक्षेप कार्य अंतर्गत जिला मोहला मानपुर अं.चौकी में ग्राम सीतागांव एवं ग्राम नवागांव, विकासखण्ड मानपुर में नवीन उपस्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण तथा मानपुर में जन औषधि केन्द्र भवन का निर्माण कार्य हेतु प्रपत्र-एफ में राशि रू. 60.83 लाख की ऑनलाईन निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। विवरण मण्डल वेबसाइट www.cghb.gov.in एवं http://eproc.cgstate.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग-राजनांदगांव के मो. नं. 81091-35551 पर सम्पर्क करें।

संवाद- 42063/1 उपायुक्त

## शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-2-3
140-5 489-1
राजधानी
4-6-8
690-5 800-8

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# घुमका को नगर पंचायत घोषित होने पर डॉ रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री का आभार जताया



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन ने आज घुमका ग्राम पंचायत को नगर पंचायत घोषित कर दिया। जिस संबंध में संयुक्त सचिव रेणुका श्रीवास्तव के पद एवं हस्ताक्षर से छत्तीसगढ़ राज्य पत्र में इसे शामिल कर दिया गया। आज इस आदेश की घोषणा होते ही घुमका के समस्त ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त हो गया।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत दिनों घुमका के सैकड़ों लोग भाजपा के नेताओं के नेतृत्व में डॉ रमन सिंह से मिले थे, जिन्होंने घुमका को नगर पंचायत बनाने का निवेदन किया था, जिस पर डॉ रमन सिंह ने सहमति जताते हुए तत्काल ही इसकी अनुशंसा मुख्यमंत्री से की थी, इसके प्रति उत्तर में प्रशासन ने आज घुमका को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। घुमका को नगर पंचायत बनाने की घोषणा से हर्षित होते हुए सभी जनप्रतिनिधियों ने डॉ रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया। आभार व्यक्त करने वालो में प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा, रामजी भारती, जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, जिला महामंत्री राजेंद्र गोलछा, रविंद्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य राजेश श्यामकर, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, मंडल अध्यक्ष रोहित चंद्राकर मनोज साहू, कृष्णा साहू, सावन वर्मा, तरुण लहरवानी, अतुल रायजादा, आभा तिवारी सहित सभी जनप्रतिनिधियों ने डॉ रमन सिंह को धन्यवाद दिया।

# आज प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने निगम सीमाक्षेत्र का भ्रमण किया





**सिवरेज ट्रीटमेंट सिस्टम देखा, स्वच्छता दीदीयो एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से की चर्चा**

राजनांदगांव (दावा)। लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आये अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी 7 दिवसीय जिले के भ्रमण के आज दूसरे दिन निगम सीमाक्षेत्र निरीक्षण के दौरान मोहड़ स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, 18एकड का एसएलआरएम सेन्टर तथा आशा नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बने आवासों को देख हितग्राहियों से चर्चा किये।

प्रशिक्षु आई.ए.एस. अधिकारी आज सर्वप्रथम मोहड स्थित सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में ट्रीटमेंट की प्रक्रिया देख जानकारी लिये। निगम के तकनीकि अधिकारी ने जानकारी दी कि शहर का गंदा पानी जो नाली व नाले के माध्यम से होकर मोहारा शिवनाथ नदी में आता था, उसे रोकने सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया गया। प्लांट में उपचार प्रक्रिया में पानी से दूषित पदार्थो और प्रदूषकों को उपचार कर निकालते है, फिर इसे इस्तेमाल योग्य बनाते है। उक्त पानी का इस्तेमाल उद्यान, कृषि कार्य तथा निर्माण कार्य के लिये किया जाता है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने ट्रीटमेंट की विभिन्न पद्धति को देख मशीनरियों के संबंध में जानकारी लिये।

निरीक्षण के दौरान 18 एकड स्थित एसएलआरएम सेन्टर में कचरा पृथककरण के संबंध में स्वच्छता दीदीयो से चर्चा किये। दीदीयों ने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण के माध्यम से प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण किया जाता है, जिसे सेन्टर में लाकर गीला एवं सुखा कचरा पृथक करते है, गीला कचरा से खाद बनाते है और सुखा कचरा एकत्रित कर बंडल बांधकर विक्रय किया जाता है, जिससे आय प्राप्त होती है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने अनुपयोगी समान से बने कलाकृतियों को देख एवं उनके कार्यो से प्रभावित होकर स्वच्छता दीदीयो की सराहना की।

शहरी क्षेत्र निरीक्षण की अंतिम कडी में प्रशिक्षु अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आशानगर में बने आवासों का जायजा लेकर जानकारी लिये। अधिकारियों ने बताया कि आशा नगर में कुष्ट रोगी निवासरत है, जो पहले कच्चे मकान में निवास करते थे, जिससे उन्हें विभिन्न कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत आवास निर्माण होने से अब वे स्वयं का सर्वसुविधायुक्त आवास में निवास कर रहे है। उनकी सुविधा के लिये रोड, नाली, बिजली, पानी की भी व्यवस्था की गयी है। अधिकारियों ने निवासरत हितग्राहियों से चर्चा कर उनके रहन सहन के बारे मे जानकारी लिये।

निरीक्षण के दौरान उप अभियंता अनिमेश चंद्राकर व अनुप पाण्डे, स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव, मिशन क्लीन सिटी सह. प्रभारी पवन कुर्रे, पीआईयू देवेश साहू व कीर्तन साहू, प्रधानमंत्री आवास योजना के श्रीमती सोनम पालिया, अंकुर मिश्रा व ललित मानकर उपस्थित थे।

# सर्व सुखदायिनी वेद लक्षणा गौ माता की आराधना का महापर्व गोपाष्टमी




**0 भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री के सानिध्य में बाल रत्न मंच सेवा समिति ने किया गौ माता पूजन**
**0 बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा गोपाष्टमी महापर्व पर शहर के विभिन्न आठ स्थानों पर गौ पूजन एवं पुष्प वर्षा**

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव की गौ सेवा में समर्पित संस्था बाल रत्न मंच सेवा समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल, उपाध्यक्ष संदेश जैन ने बताया कि इस वर्ष बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा गोपाष्टमी के महापर्व पर भागवताचार्य परम पूज्य आचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम के सानिध्य में वेद लक्षणा सर्व देवमई गौ माता का पूजन तिलक, माल्यार्पण एवं पुष्प वर्षा, अंगवस्त्र ओढ़ाकर पूजन अर्चन, आरती उतारी गई, हरी हरी घास व गुड़ रोटी खिलाई गई। महाप्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल सपत्नीक स्वाति अग्रवाल, संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल सपत्नीक प्रतिभा खंडेलवाल सहित, जन्मदात्री मां शशि खंडेलवाल सहित गौ माता की पूजन अर्चन कर आरती उतारी तत्पश्चात संस्था सदस्यों द्वारा गौ माता की पूजा आराधना की गई। गौ माता से विश्व मंगल कि कामना कि गई बाल रत्न मंच सेवा समिति परिवार की ओर से स्वागत भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री का तिलक लगाकर प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने स्वागत किया एवं माल्यार्पण संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल द्वारा सभी उपस्थित संस्था सदस्यों ने महाराज का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भागवताचार्य अनुराग कृष्ण शास्त्री वृंदावन धाम अपने उद्बोधन में कहा कि गौ माता की उत्पत्ति समुद्र मंथन में हुई है 14 रत्नों में से एक रत्न गौ माता है, वेद लक्षणा गौ माता में 33 कोटी देवी देवताओं का वास माना जाता है गौ सेवा से समस्त तीर्थो के पुण्य का फल प्राप्त होता है।

धरती पर साक्षात चलता फिरता मंदिर है गौ धर्म अर्थ काम और मोक्ष चारों की दाता हैं, इसलिए कामना पूरक कल्पवृक्ष की भांति गौ माता को कामधेनु भी कहा गया है घर के द्वार पर गाय की उपस्थिति सौभाग्य का सूचक मानी जाती है। बाल रत्न मंच सेवा समिति की गौ सेवा रथ दो रोटी आपकी संस्था की गौ सेवा में प्रेरणाप्रद पहल है एवं 21 वर्षो की निरंतर अविरल सेवा का सतत् प्रवाह गौ माता का आशीष है। गोपाष्टमी के पावन पर्व पर इस वर्ष बाल रत्न मंच सेवा समिति द्वारा शहर के आठ स्थानों में चलती फिरती गौ माता की पूजा अर्चना कर अंग वस्त्र केसरिया वस्त्र पहनाकर एवं फूलों की माला गौ माता पर पुष्प वर्षा करते हुए हरी-हरी घास व गुड़ रोटी खिलाकर विश्वकर्मा मंदिर कंचन बाग में गौ माता का पूजन, दासी श्याम दरबार के नीचे रामाधीन मार्ग में गौ पूजन, पिंजरा पोलगौशाला में समाजसेवी विजय हरिहारणी एवं मनोज लड्ढा सहित एवं बाल रत्न मंच सेवा समिति के सदस्यों सहित गौ पूजन, दिल्ली दरवाजा कामठी लाइन में गौ पूजन गुरुद्वारा चौक शीतला मंदिर रोड में गौ पूजा, अग्रसेन चौक रामदीन मार्ग में गौ पूजन, गंज लाइन में गौ पूजन गुड़ाखू लाइन में गौ पूजन, आठ स्थान पर गौ माता का पूजन अर्चन किया गया। गौ सेवा में समर्पित जनों का तिलक लगाकर एवं भेंट देकर सम्मानित किया गया गोपाष्टमी के महापर्व पर बाल रत्न मंच सेवा समिति संस्था के अध्यक्ष राहुल अग्रवाल उपाध्यक्ष संदेश जैन सचिव सौरभ खंडेलवाल प्रचार प्रमुख रितेश यादव, कोषाध्यक्ष मयंक कृष्णा शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य कैलाश गुप्ता, लोकेश अग्रवाल, मनीष यादव, अरविंद गुप्ता, मनीष यादव, अभिनव अग्रवाल राहुल अग्रवाल, रवि शर्मा संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे। सभी ने एक दूसरे को गोबर का तिलक लगाकर गोपाष्टमी की बधाई दी कार्यक्रम का संचालन कैलाश गुप्ता द्वारा किया गया। उपरोक्त जानकारी संस्था सचिव सौरभ खंडेलवाल प्रचार प्रमुख रितेश यादव ने दी।

# रॉयल किड्स कान्वेंट में नए सत्र के लिए प्रवेश हेतु पालकों में जबरदस्त उत्साह

राजनांदगांव (दावा)। नगर के ख्यातिलब्ध शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में नए सत्र हेतु प्रबंधन द्वारा नए प्रवेश पर विशेष छूट दी जा रही है। नए प्रवेश हेतु इच्छुक पालक गण सत्र भर का सिर्फ 50 प्रतिशत शुल्क देकर ही नया प्रवेश ले सकते हैं। इस योजना में पालकों का उत्साह देखते ही बन रहा है एवं लगभग 75 प्रवेश हो चुके हैं।

संस्था के डायरेक्टर संजय बहादुर सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य न्यूनतम शुल्क पर शहर के बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्रदान करना है। हमने इंफ्रास्ट्रक्चर को आधुनिक युग के अनुसार नवीनीकृत किया है एवं संस्थान के बच्चों का देश-विदेश में, मल्टीनेशनल कंपनी में, खेल में, पढ़ाई में, सभी क्षेत्रों में अच्छा नाम हो रहा है। किसी भी शिक्षण संस्थान की गुणवत्ता इन्हीं सब बातों से निर्धारित की जाती है और हमारे एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल के नेतृत्व में संस्थान एवं हमारे शिक्षक अपना श्रेष्ठतम प्रदान कर रहे हैं। ज्ञातव्य है कि संस्था के पुराने छात्र-छात्राएं भी अगले सत्र की संपूर्ण शुल्क को अदा कर 40 प्रतिशत तक की छूट का लाभ ले सकते हैं। इन सभी योजनाओं का संस्थान को अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। संस्था अध्यक्ष डॉ सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, बरसर आई के वैष्णव ने शुभकामनाएं दी हैं। हमारे दोनों बोर्ड आईसीएसई एवं सीबीएसई दोनों में ही बहुत अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है एवं बालकों में प्रवेश को लेकर अच्छा उत्साह देखने को मिल रहा है ।इसी का नतीजा है कि आज 75 से अधिक एडमिशन अगले सत्र के लिए हो चुके हैं।

# कलेक्टर ने ली जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक




**शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए कहा**

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, टीकाकरण एवं जन्म लेने वाले शिशु का जन्म प्रमाण पत्र 21 दिवस के भीतर बनाने के निर्देश दिए।

किशोरी बालिकाओं के पोषण एवं काऊंसलिंग हेतु विशेष रूप से कहा गया। साथ ही कार्ययोजना बनाकर स्कूलों मे किशोर बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच करने एवं एनिमिया मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने, प्रत्येक गुरूवार को स्कूलों में किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा देने के निर्देश दिए। टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत डिलीवरी प्वाइंट माड्यूल में समस्त निजी अस्पतालों के साथ बैठक कर शत-प्रतिशत टीकाकरण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 108 व 102 वाहनों को समय पर जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचने के लिए कहा। कलेक्टर ने टीबी कार्यक्रम अंतर्गत बलगम जांच बढ़ाने तथा निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों प्रेरित करने कहा।

उन्होंने आयुष्मान भारत अंतर्गत सभी सीएचसी एवं पीएचसी में आईपीडी का शत-प्रतिशत क्लेम एवं निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए और सभी को आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ जांच कराने कहा। चिरायु कार्यक्रम अंतर्गत आयुष चिकित्सक टीम द्वारा घुमका एवं डोंगरगढ़ में कार्य किये जाने हेतु जिला आयुर्वेद अधिकारी को निर्देश दिये।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिचोला के नवीन भवन हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से समन्वय करने कहा। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एनएचएम संदीप ताम्रकार सहित समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी उपस्थित थे।

# 14 नवंबर से धान खरीदी शुरु होने से किसानों के चेहरे में आएगी चमक - अशोक देवांगन

**कहा - किसानों के खाते में जाएंगे एक मुस्त 3100 रुपये जिससे किसान होंगें मजबूत**



राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नीत केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राज्य सरकार के किसान हितैषी होने से कांग्रेस के सिर पेट और अन्य जगह पीड़ा हो सकती है। यह खरी-खरी बात जिला पंचायत सदस्य व भाजपा के कद्दावर नेता अशोक देवांगन ने कहते हुए डबल इंजन सरकार की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि भाजपा का किसान मजदूर हितैषी होना ही भाजपा के विश्व में सबसे बड़ी लोकतांत्रिक संस्था होने का प्रमाण है। क्योंकि इसी वर्ग के लोग भारत में सबसे ज्यादा रहते हैं। श्री देवांगन ने आगे कहा कि आगामी 14 नवंबर से प्रदेश में समर्थन दर पर धान खरीदी की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था शासन प्रशासन द्वारा की जा रही है। जिससें किसानों में प्रसन्नता व्याप्त है। किसान भाई-बहन और खेतीहर मजदूर धान कटाई मिजाई में युद्ध स्तर पर भिड़े हुए हैं। उन्हें अवगत करा दिया गया है कि 14 नवंबर से समर्थन दर पर सोसाइटियों में धान खरीदी जो होगी उसकी राशि 3100 प्रति क्विंटल के हिसाब से किसानों के खातों में अविलम्ब भेजी जाएगी। इससे उन्हें घर खर्च चलाने कर्ज छुटने तथा कोई स्थाई बेशकीमती चीज खरीदने में सहूलियत होगी। साथ ही उन्नत कृषि का दायरा बढ़ा सकते हैं। श्री देवांगन ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि अगर वह किसान हितैषी होती तो केंद्र और राज्य दोनों जगह विजय का परचम फहराती लेकिन प्रदेश सहित देश की जनता उनके छलकपट को अच्छी तरह जानती समझती है तभी तो उनके बहकावे में नहीं आती है। जो उनके बहकावे में आ जाते हैं उन्हें अपने विवेक से निर्णय लेने की आवश्यकता है कि वह किसका साथ दे। क्योंकि छत्तीसगढ़ धान का कटोरा है इसलिए भाजपा ने अपनी चुनावी घोषणा पत्र में किसानों को बहुत महत्व दिया था और अन्नदाता की हमेशा दुख सुख में भारतीय जनता पार्टी हमेशा खड़ी रहती है अपने वादा को पूरा करते हुए एक मुफ्त राशि अन्नदाता किसानों को खाता में 14 नवंबर से धान खरीदी की राशि डाला जाएगा।

# छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश के श्रेष्ठ संगठनों में शुमार है - प्रदीप मित्तल



**0 संगठन के नए पदाधिकारीयों को राष्ट्रीय चेयरमेन प्रदीप मित्तल ने दिलाई शपथ, डॉ अशोक ने ली प्रांतीय अध्यक्ष पद की शपथ**
**0 प्रांतीय बैठक में अनेक विषयों पर लिए गए निर्णय- समाज के बच्चों के विवाह की उम्र 25 वर्ष करने पर बनी सहमति**
**0 संतोष अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक लोहिया व विमल अग्रवाल उपाध्यक्ष, लक्ष्मण लोहिया प्रचार प्रसार प्रभारी बने**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के नए पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण एवं दीपावली मिलन समारोह 8 नवंबर को रायपुर के एस.एन. पैलेस में संपन्न हुआ। शपथ अधिकारी एवं समारोह के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने शपथ ग्रहण के पूर्व उपस्थित सामाजिक बंधुओं, मातृ शक्ति एवं युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन देश के श्रेष्ठ संगठनों में शुमार है, विगत माह संगठन के राष्ट्रीय अधिवेशन में छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन को देशभर में सर्वश्रेष्ठ कार्यो के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया था। इस प्रांत में लगातार सेवा के कार्य, प्रांतीय बैठके एवं भगवान अग्रसेन के 18 गोत्रों पर आधारित 18 विभिन्न विषयों में अग्र अलंकरण पिछले 8 वर्षो से लगातार संपन्न होने पर यह सम्मान प्रांतीय संगठन को प्रदान किया गया था।

उन्होंने कहा कि मेरा इस प्रांत के साथ विशेष लगाव है, जब भी आवश्यकता होती है मैं मात्र एक दिवस की सूचना पर प्रांतीय संगठन के कार्यक्रम में उपस्थित होता रहा हूं। श्री मित्तल ने कहा कि गीता मनीषी महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद के मार्गदर्शन में जिओ गीता का कार्यक्रम पिछले वर्ष संपूर्ण विश्व में गीता जयंती के अवसर पर आयोजित हुआ था। इसमें लगभग ढाई करोड़ लोगों ने सहभागिता की थी, इस वर्ष भी 11 दिसंबर को पूरे विश्व में सुबह 11:00 बजे एक साथ गीता का तीन श्लोक पढ़ा जाएगा, जिसमें पांच करोड़ लोगों के भाग लेने का अनुमान है, इसके लिए पूरे भारतवर्ष के साथ ही विश्व के अनेक देशों में बैठके आयोजित हो रही है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को इस आयोजन में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करना चाहिए।

छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक लोहिया एवं प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रभारी श्रीमती ज्योति अग्रवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रांतीय मुख्य संरक्षक सियाराम अग्रवाल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह संगठन सेवा के क्षेत्र में अपनी अहम भूमिका का निर्वहन करते हुए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को उसकी आवश्यकताओं के अनुरूप सहायता प्रदान करते आ रहा है अब समाज को कुछ सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए आगे आना चाहिए। नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण के पूर्व निवृत्तमान प्रांतीय महामंत्री मनोज अग्रवाल ने अपने पिछले तीन वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियां से अवगत कराते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग से ही सभी कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। निवृतमान प्रांतीय अध्यक्ष नेतराम अग्रवाल ने पिछले तीन वर्षीय कार्यकाल में संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन एवं सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि संगठन में केवल अध्यक्ष अकेला कुछ नहीं कर सकता है, प्रत्येक कार्य में सफलता तभी मिल पाती है जब संगठन का एक-एक कार्यकर्ता निस्वार्थ भाव से जुटता है। पिछले तीन वर्ष में जितने भी आयोजन संपन्न हुए है उसका सारा श्रेय पूरी कार्यसमिति को है।

समारोह के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बसना के विधायक संपत अग्रवाल ने कहा कि समाज की शक्ति, उसके संगठन में निहित है। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन समाज सेवा के जो कार्य कर रहा है वह अभिनंदनीय है। अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल ने नवीन कार्यकारिणी समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल को सबसे पहले शपथ दिलाई। डॉ.अशोक अग्रवाल ने परमपिता परमेश्वर एवं भगवान अग्रसेन के नाम पर शपथ ग्रहण की। इसके पश्चात प्रांतीय चेयरमैन अशोक मोदी एवं प्रांतीय कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में राजेंद्र अग्रवाल (राजू) तथा सुनील रामदास अग्रवाल, प्रांतीय महामंत्री पद की शपथ संजय अग्रवाल रायपुर कोषाध्यक्ष पद पर पंकज किरतुका दुर्ग, महिला प्रांतीय अध्यक्ष श्रीमती गंगा अग्रवाल, महिला चेयरमेन श्रीमती हेमलता मित्तल दुर्ग, महिला महामंत्री श्रीमती निधि अग्रवाल रायपुर, युवा अध्यक्ष आशीष सेक्सरिया को डॉ.अशोक अग्रवाल ने शपथ दिलाई। फिर वरिष्ठ उपाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मंत्री, संगठन मंत्री, प्रचार प्रसार मंत्री, कार्यकारिणी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्यों को भी शपथ ग्रहण कराई गई। राजनांदगांव अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल को प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अशोक लोहिया व विमल अग्रवाल को प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं लक्ष्मण लोहिया को प्रांतीय प्रचार प्रसार प्रभारी के रूप में मनोनयन कर शपथ दिलाई गई। शपथ लेने के पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष डॉ.अशोक अग्रवाल ने अपने पहले उद्बोधन में कहा कि संघठन के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में सभी छोटे-बड़े सदस्य का सहयोग एवं सुझाव लेकर कुछ नया एवं अच्छा से अच्छा कार्य करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने उन पर विश्वास व्यक्त करते हुए इस बड़ी जिम्मेदारी को सौंपने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गत 06 नवंबर को राज्योत्सव के अवसर पर छत्तीसगढ़ की दो अग्रवाल विभूतियां को सम्मानित किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसेन सम्मान के लिए श्री सियाराम अग्रवाल एवं दानवीर भामाशाह सम्मान के लिए सुभाषचंद्र अग्रवाल को राज्य अलंकरण से सम्मानित किया गया। प्रांतीय बैठक में भी उक्त दोनों सम्मानित महानुभावो का सम्मान संगठन द्वारा शाल, श्रीफल भेंट कर किया गया। दोपहर लंच के पश्चात, द्वितीय सत्र में प्रांतीय बैठक संपन्न हुई जिसमें प्रमुख रूप से 18 विषयों पर 18 आयोग बनाने पर चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

कैरियर काउंसलिंग आयोग- स्वजातीय बच्चों के लिए कैरियर काउंसिलिंग के लिए कार्ययोजना बनाई गई, स्वाति सुरेश मुरारका को जिम्मेदारी दी गई। जनगणना आयोग-पूरे प्रांत के अग्रवाल परिवारों की जनगणना के लिए प्रस्ताव स्वीकृत हुआ, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयनारायण अग्रवाल बसना एवं जनगणना आयोग के अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल बागबाहरा को प्रदेश में समाज की जनगणना की जवाबदारी सौंपी गई। अयोध्या यात्रा एवं विदेश यात्रा- आगामी माह में अयोध्या धाम की यात्रा का प्रस्ताव सर्वसम्मति स्वीकृत किया गया एक पूरी स्पेशल ट्रेन लेकर जाने का निर्णय लिया गया। विदेश यात्रा के लिए भी विस्तृत चर्चा हुई आगामी महीना में संगठन की एक विदेश यात्रा भी प्रस्तावित कर स्वीकृत की गई, इसके प्रभारी राजेंद्र अग्रवाल राजू बनाए गए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए बिलासपुर की सपना सराफ। धार्मिक आयोजन आयोग के चेयरमेन पद पर रायपुर की श्रीमती संगीता सरावगी और वाइस चेयरमैन के पद पर रायपुर की राजश्री योगी अग्रवाल। युवा खेलकूद आयोग की जवाबदारी रायपुर के दीपक बिंदल और श्रुति दिव्या अग्रवाल बिल्हा। महिला सशक्तिकरण आयोग के चेयरमैन पद पर अग्र ज्योति पुरस्कार 2023 प्राप्त बिलासपुर की पायल लाठ । अग्र अलंकरण आयोग के चेयरमेन पूर्ववत डॉ.अनीता मोहनलाल अग्रवाल एवं को अध्यक्ष वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल रायपुर एवं डॉ. निर्मल अग्रवाल रायपुर बनाए गए पिछले आठ अग्र अलंकरण का सफल संयोजन करने के लिए उन्हें करतल ध्वनि से बधाई दी गई।

मंगल परिणय आयोग के संयोजक के रूप में कोरबा की श्रीमती शोभा केडिया का अब तक पिछले 7 वर्षो में लगभग 800 वैवाहिक संबंध तय करने में सफलता प्राप्त करने पर करतल ध्वनि से धन्यवाद देते हुए पुनः उन्हें चेयरमेन नियुक्त किया गया। इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी आयोग चेयरमैन रायपुर के अंकित अग्रवाल रायपुर। सदस्यता विस्तार आयोग के लिए अनेक सदस्यों ने अपने विचार रखे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश मंगल बिल्हा और सचिव विनोद अग्रवाल तर्रा इसके चेयरमैन और वाइस चेयरमैन बनाए गए। शिक्षा एवं चिकित्सा सहायता आयोग की चेयरमैन श्रीमती शशि अग्रवाल, रायपुर को मनोनीत किया गया। रक्तदान आयोग में श्रीमती भारती मोदी बिलासपुर को जिम्मेदारी दी गई। नेत्रदान व देहदान जागरूकता आयोग- इस आयोग के लिए नाम आमंत्रित किया गया। नाम की घोषणा बाद में की जाएगी ।

इसी विषय पर प्रांतीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने जानकारी दी कि समाज के वरिष्ठ सदस्य दुर्ग के रेखचंद अग्रवाल ने देहदान की घोषणा की थी, उनका देहावसान होने पर परिजनों ने उनकी देह का दान कर समाज में अनुकरणीय कार्य किया था, इस नेक कार्य के लिए समग्र अग्रवाल समाज उन्हें सदैव नमन कर याद करता रहेगा।

अन्य 04 आयोग पर विस्तृत चर्चा कर आगामी बैठक में निर्णय लिया जाएगा। बैठक में राजनैतिक क्षेत्र में समाज की हिस्सेदारी बढ़ाए जाने पर गहन विचार विमर्श किया गया, राज्य अलंकरण के दौरान सियाराम अग्रवाल को महाराजा अग्रसेन सम्मान और सुभाष अग्रवाल को दानवीर भामाशाह सम्मान प्रदान करने के लिए राज्य शासन का संगठन ने हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए, शीघ्र ही प्रदेश के मंत्रिमंडल में कम से कम एक अग्रवाल विधायक को सम्मिलित करने हेतु, पुरजोर मांग रखी, शीघ्र ही समाज का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के शीर्ष नेतृत्व से इस विषय पर मिलेगा। बैठक में बच्चों के विवाह की उम्र 25 वर्ष करने के लिए सहमति हुई। इसके अलावा अन्य विषयों पर भी मनन कर अगली बैठक में निर्णय लिए जाएगा। बैठक का संचालन नवमनोनीत महामंत्री संजय अग्रवाल ने तथा आभार प्रदर्शन चेयरमेन अशोक मोदी कोरबा ने किया। आभार प्रदर्शन के बाद राष्ट्रगान हुआ एवं पिछली प्रांतीय बैठक के पश्चात प्रदेश के दिवंगत हुए सदस्यों की दिव्य आत्मा को श्रद्धांजलि प्रदान की गई, तत्पश्चात प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल ने सभा समाप्ति की घोषणा की। कार्यक्रम में पूरे छत्तीसगढ़ की अनेक अग्रवाल सभाओं के अध्यक्ष, महामंत्री सहित उनके पदाधिकारी सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे, लगभग 80 पदाधिकारीयों ने इस अवसर पर शपथ भी ली। कार्यक्रम आयोजन के लिए एस. एन. पैलेस परिवार का सुबह के जलपान की व्यवस्था, भगवान अग्रसेन एवं माता माधवी के आकर्षक रंगीन चित्र के डॉक्टर नंदकिशोर सूरजभान अग्रवाल परिवार तथा दोपहर के सुस्वादिष्ट भोज के लिए हनुमान परिवार का, प्रतिभागियों के लिए शानदार किट की व्यवस्था के लिए कृष्णा ग्रुप कोरबा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## अनमोल दावा

> जीवन में कुछ भी अच्छा करने के लिए आपको किसी डिग्री की आवश्यकता नहीं है बस आपके मन में एक अच्छी भावना की जरूरत है।

# जरूरी है मुस्लिम जातियों की पहचान, झूठ को बेनकाब करने का समय

रंगनाथ मिश्र कमेटी और सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुस्लिमों में दलितों और आदिवासियों की दयनीय स्थिति स्पष्ट की गई है। इसलिए अन्य पिछड़ा वर्ग के मुस्लिमों के साथ-साथ दलित वर्ग और आदिवासी वर्ग के मुस्लिम समुदायों की भी जातिगत गणना कराना न्यायसंगत प्रतीत होता है। हिंदू समाज की दलित-आदिवासी जातियों का कुछ न कुछ डाटा उपलब्ध है लेकिन मुस्लिम समाज की जातियों का कोई स्पष्ट आंकड़ा मौजूद नहीं है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल में कांग्रेस द्वारा जातिगत जनगणना करवाने की मांग की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस द्वारा केवल हिंदू समाज की जातीय जनगणना की बात करने का उद्देश्य हिंदुओं की एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ भड़काना भर है, जबकि मुसलमानों की विभिन्न जातियों की बात पर कांग्रेस मुंह बंद कर लेती है। मालूम हो कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली संप्रग सरकार ने वादा करने के बावजूद 2011 में हुई जनगणना में अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी से संबंधित जातिगत गणना के आंकड़े को सार्वजनिक नहीं किया। यह विडंबना ही है कि आज वही कांग्रेस जातीय जनगणना के लिए सबसे अधिक व्याकुल है। कांग्रेस का विभिन्न मुस्लिम जातियों के बारे में चर्चा न करना और उनके बीच सामाजिक न्याय की उपेक्षा कर पसमांदा और अशराफ मुस्लिमों के विभेद को नकारना उसकी सामाजिक न्याय की नीति पर प्रश्नचिह्न लगाता है।

प्रधानमंत्री मोदी तो लगातार मुस्लिमों की जातियों और उनके सामाजिक न्याय के संघर्ष की तरफ सबका ध्यान आकर्षित करते रहे हैं, लेकिन तथाकथित सेक्युलर-लिबरल, कांग्रेसी और कम्युनिस्ट मुस्लिमों की जातियों पर चर्चा करना उचित नहीं समझते और न ही मुस्लिम समाज के सामाजिक न्याय का संघर्ष उनके लिए कोई मायने रखता है। उनके इस रवैये से पसमांदा समाज में क्षोभ की स्थिति व्याप्त होना स्वाभाविक है।

संविधान के अनुच्छेद-340 के तहत राष्ट्रपति सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों की स्थिति की जांच के लिए आयोग गठित कर सकते हैं। अनुच्छेद-340 इस बात को भी स्पष्ट करता है कि कोई आयोग सामाजिक और शैक्षणिक रूप से ओबीसी की स्थिति की उचित पड़ताल के बाद ही सिफारिशें कर सकता है।

ऐसी स्थिति में ओबीसी से संबंधित जातिगत आंकड़े एकत्र करना नितांत आवश्यक हो जाता है, ताकि शिक्षा, रोजगार एवं राजनीति सहित विभिन्न क्षेत्रों में इससे संबंधित सभी पात्र समुदायों को आरक्षण और अन्य कल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। ऐसा नहीं है कि मुस्लिम समाज के जातिगत विभेद से राजनीतिक पार्टियां अवगत न हों। वे भली तरह अवगत हैं, लेकिन वोट बैंक के लोभ में कुछ बोलना नहीं चाहतीं।

1955 में आई काका कालेलकर आयोग की रिपोर्ट ने मुसलमानों और अन्य पंथों के बीच कुछ जातियों/समुदायों को भी पिछड़ा घोषित किया था। मंडल आयोग ने भी सैद्धांतिक रूप से स्वीकार किया था कि जातियां या जातियों जैसी संरचना केवल हिंदू समाज तक ही सीमित नहीं, अपितु यह गैर हिंदू समूहों-मुसलमानों, सिखों और ईसाइयों के बीच भी पाई जाती है।

इंदिरा साहनी बनाम भारत संघ केस में नौ जजों की बेंच ने पिछड़ेपन के निर्धारक के रूप में आर्थिक मानदंड को खारिज कर दिया था। न्यायालय ने जाति की अवधारणा को यह कहते हुए बरकरार रखा कि भारत में जाति एक सामाजिक वर्ग हो सकती है और प्रायः होती भी है। गैर-हिंदुओं यानी मुसलमानों और दूसरे धर्मों में पिछड़े वर्गों के सवाल पर न्यायालय ने कहा था कि उनकी पहचान उनके पारंपरिक व्यवसायों के आधार पर की जानी चाहिए।

इस प्रकार पिछड़ा वर्ग एक ऐसी श्रेणी है, जो बिना किसी धार्मिक भेदभाव के विशेष रूप से उन जाति समूहों को संदर्भित करती है, जो सामाजिक पदानुक्रम में मध्य स्थान पर स्थापित हैं और आर्थिक, शैक्षिक तथा अन्य मानव विकास संकेतकों के मामले में पीछे रह गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि मुस्लिम समाज की जातिगत गणना की बात करना न्यायसंगत है, लेकिन तथाकथित सेक्युलर-लिबरल और सामाजिक न्याय की बात करने वाली पार्टियों की तरफ से ऐसी कोई पहल नहीं दिखी है।

बिहार जातिगत सर्वे के समय यह चिंता जताई गई थी कि मुस्लिमों में उच्च वर्ग यानी अशराफ खुद को पिछड़ी जाति में शामिल शेखरा और कुलहैया जाति बताकर पिछड़ा और अति पिछड़ा वर्ग का लाभ लेता रहा है। तब यह आशंका भी व्यक्त की गई थी कि कहीं ऐसा न हो कि वे अशराफ मुसलमान इस जाति गणना की आड़ में पिछड़े और अति पिछड़े बन जाएं, जो सामाजिक और आर्थिक रूप से अगड़े हैं।

ध्यान रहे कि बिहार में एक बार ऐसा हो भी चुका है, जब उच्च अशराफ वर्ग की मलिक (सैयद) जाति ने स्वयं को पिछड़े वर्ग में सम्मिलित करा लिया था। इसके विरोध में संबंधित आयोग में शिकायत भी की गई, लेकिन अभी तक इस मामले में कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। गौरतलब है कि हिंदू समाज में एससी और एसटी की गणना होती आई है, किंतु अन्य धर्मों के दलितों और आदिवासियों की जातिगत जनगणना भी सामाजिक न्याय की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

जब तक संपूर्ण जातिगत जनगणना पर आम सहमति नहीं बन जाती है, तब तक मुस्लिम जातियों की जनगणना की जरूरत पर बल देना ही चाहिए, ताकि मुस्लिम समाज में भी सामाजिक न्याय स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त हो सके। आज मुस्लिम समाज की जातीय जनगणना एक अनिवार्य मांग है, जिस पर केंद्र और राज्य सरकारों को शीघ्र अति शीघ्र ध्यान देना चाहिए। यह मानना और प्रचारित करना निरा झूठ है कि मुसलमानों में जातियां नहीं हैं और उनमें कोई भेद नहीं है। इस झूठ को बेनकाब करने का समय आ गया है।

# नारी की महत्ता व अस्तित्व को अवगत कराता पर्व - एकादशी देवउठनी

**प्रिया देवांगन "प्रियू"**



हमारे छत्तीसगढ़ में तीज-त्यौहारों का बहुत महत्व है। यहाँ अनेक प्रकार के तीज-त्यौहार मनाये जाते हैं। कार्तिक मास में दीपावली के बाद देवउठनी एकादशी का पर्व मनाया जाता है, जिसे "छोटी दीपावली" भी कहते हैं। इस दिन माता तुलसी और श्रीहरि विष्णु जी का विवाह शुभ माना जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के एकादश को देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। पौराणिक कथानुसार आषाढ़ शुक्ल पक्ष से कार्तिक शुक्ल पक्ष चार माह तक भगवान श्रीहरि विष्णु जी क्षीरसागर में शयन करते हैं। भगवान विष्णु के शयनकाल में कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष के दिन चार माह की निद्रा से जागृत होने के बाद देवउठनी एकादशी मनायी जाती है। भगवान विष्णु जी के साथ-साथ सभी देवताओं की भी पूजा की जाती है। इसी दिन से शुभ एवं मांगलिक कार्यों का प्रारंभ होता है। कहा जाता है कि वृंदा राक्षस कुल में जन्मी एक कन्या थी। राक्षस कुल में जन्म लेने की बाद भी वह भगवान विष्णु की परम भक्त थी। जब वह विवाह योग्य हुई तब उसका विवाह जालंधर नाम के राक्षस के साथ हुआ। वृंदा बड़ी ही पतिव्रता स्त्री थी। सदैव अपने पति की सेवा में लगी रहती थी। अपने पति जालंधर को हर समस्या से बचाती थी। वह भगवान की भक्ति कर के उनकी रक्षा करती थी।

एक बार भीषण देवासूर संग्राम हुआ। जालंधर एक बहुत बलशाली दानव था। जब देवताओं से युद्ध करने जालंधर जा रहा था, तभी वृंदा ने कहा -"हे स्वामी मैं आपकी विजयी होने के लिए घोर तपस्या करूँगी। भगवान से प्रार्थना करूँगी कि जब तक आप विजय लौटकर नहीं आयेंगे, तब तक मैं तप में लीन रहूँगी। जालंधर युद्ध में चला गया। वृंदा अपने तप में लीन हो गयी। वृंदा के तप का प्रभाव देवताओं को दिखने लगा। युद्ध में देवताओं की हार होने लगी। तभी देवताओं ने श्री हरि विष्णु जी के पास जाकर प्रार्थना करने लगे- "त्राहि माम...! त्राहि माम...! हे प्रभु! हमारी रक्षा कीजिए। युद्ध में हम देवतागण हारने लगे हैं। यह वृंदा के तप का प्रभाव है। पर अब जैसे भी हो, वृंदा का तप भंग होना ही चाहिए। हमारी मदद कीजिए स्वामी। भगवान विष्णु बोले- "वृंदा मेरी परम भक्त है। मैं उनके साथ छल नहीं कर सकता। देवतागण विनती करने लगे, तब विष्णु जी देवहित को ध्यान रख जालंधर का वेष धारण कर के वृंदा के द्वार पर पहुँचे। उन्हें देखकर वृंदा खुश हो गयी; और पूजा छोड़ दी। उसकी ईश्वर के प्रति एकाग्रता ध्वंस हुई। उसी समय वृंदा का संकल्प टूट गया; और जालंधर मारा गया। जालंधर का कटा हुआ सिर महल में गिरा। तभी वृंदा की दृष्टि जालंधर का वेश धारण किये श्रीहरि विष्णु जी पर पड़ी। उसने श्री हरि विष्णु जी को पहचान लिया। श्रीहरि का छल वृंदा समझ गयी। उसने श्री विष्णु जी को श्राप दे डाला। श्रीहरि विष्णु जी एक पत्थर बन गये। वृंदा अपने पति का सिर लेकर सती हो गयी। उसके राख से पौधा निकला। श्री विष्णु जी उस पौधे का नाम तुलसी रखा; और कहा कि मैं हमेशा तुलसी के साथ पत्थर रूप में रहूँगा। शालिग्राम के नाम से मुझे जाना जाएगा। तब से इन दोनों की एक साथ पूजा होती है। कार्तिक माह में उनका विवाह हुआ था, तब से आज तक लोग इस दिन को तुलसी विवाहोत्सव के रूप में मनाते आ रहे हैं।



**//तुलसी विवाह पर्व आज विशेष//**

### //छत्तीसगढ़ रीति रिवाज//

हमारे छत्तीसगढ़ में विभिन्न रीति-रिवाज हैं। इस पर्व को अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग ढंग से मनाया जाता है। इस दिन गन्ना-पूजा का विशेष महत्व होता है। लोग अपने-अपने घरों में गन्ना की पूजा करते हैं। इसी दिन से गन्ना की पहली कटाई की जाती है। इसलिए इसकी पूजा होती है। तुलसी विवाह के दिन महिलाएँ व्रत रखती हैं। सुबह से शाम तक पूजा-पाठ में लीन रहती हैं।

### //पूजा सामग्री//

चावल आटे का दीया, गन्ना, कलश, आम्रपत्र, घी, चंदन, गुलाल, कुमकुम, पीला अक्षत, पीला वस्त्र, अगरबत्ती, हल्दी, कपूर, धूप, सुपारी, दूबी, फूल-माला व श्रृंगार समान-साड़ी, लाल चुनरी, चूड़ी, बिंदी; साथ ही नारियल, लाल कांदा, कोचई, चना भाजी, बेर इत्यादि चढ़ाते हैं।

### //पूजा की विधि//

इस दिन पुरुष व महिलाएँ दोनों व्रत रखते हैं। इसे एकादशीव्रत के नाम से जाना जाता है। अपने व्रत को पूर्ण करने के लिए सबसे पहले तुलसी माँ को लाल चुनरी और साड़ी से सजाते हैं। चौकी में पीला वस्त्र बिछाते हैं। उस पर कान्हा जी को बिठाते हैं। उसके सामने कलश में चावल भर कर आम की पत्तियों से सजाते हैं। उसके ऊपर चावल आटे के घी का दीया रखते हैं। गोबर से गौरी-गणेश बनाते हैं। आजकल गोबर नहीं मिलने के कारण दो सुपारी में रुई को भिगाकर गौरी-गणेश बनाते हैं। गन्ने को मण्डप जैसा सजाकर उसकी पूजा करते हैं। साथ में क्षेत्रानुसार फल-फूल, कांदा, कोचई, नारियल फल आदि तथा भाजी, बेर अन्य सामग्री चढ़ाते हैं। घर-घर रंगोली बनायी जाती है। तुलसी में नारी-श्रृंगार का सामान रखते हैं। महिलाएँ सदा सुहागन रहने की मन्नतें माँगती हैं। घर के सभी सदस्य बारी-बारी से पूजा-अर्चना करते हैं। आरती गाते हैं। गन्ना की पूजा करते हैं। इन सब रस्मों के साथ तुलसी और विष्णु जी का विवाह सम्पन्न हुआ; माना जाता है। घर के सदस्य खुशी-खुशी बड़ों का आशीर्वाद लेते हैं। बच्चे आतिशबाजी करते हैं। सब प्रसाद ग्रहण करते हैं।

हमारे छत्तीसगढ़ में एक रिवाज है कि पूजा सम्पन्न होने के बाद एक-दूसरे के घर प्रसाद पहुँचाते हैं। इस तरह छोटी दीपावली पर्व की शुभकामनाएँ देते हैं। इससे लोगों में प्रेम, भ्रातृत्व, एकता जैसे मानवीय भावनाएँ पनपती हैं। कई क्षेत्रों में आज के दिन भी राऊत भाई गायों को सोहई बाँधते हैं। दोहा पारते हैं। फिर उन राऊत भाइयों को विदा करते हुए उन्हें सुपा भर धान व राशि भेंट करते हैं, जिसे "सुखधना" कहा जाता है।

### //आग तापने की रस्म//

हमारे गाँव-देहात के लोग भोजन ग्रहण करने के बाद एक जगह इकट्ठे होते हैं। घरों में पुरानी टुकनी या लकड़ी को जलाकर आग सेंकते हैं। उसके चारों तरफ परिक्रमा करते हैं। प्रार्थना करते हैं कि हमारे शरीर में किसी भी तरह की बीमारी प्रवेश न हो। हे अग्नि देव! हमारी रक्षा करना। माना जाता है कि इसी दिन से ठंड की शुरूआत होती है। ठंड से बचने के लिए भी अग्निदेव से प्रार्थना करते हैं।

### //सामाजिक सन्देश//

यह एक श्रद्धा-भक्ति का त्यौहार है। पर आधुनिकता के चलते धीरे-धीरे ये रीति-रिवाज खत्म होती जा रही है। आजकल शहरों में तुलसीविवाह की रस्म गन्नापूजा तक ही सिमट कर रह गयी है। एक-दूसरे से मेल-मिलाप व प्रसाद-वितरण की रस्में खत्म होती जा रही है। हमें इन रस्म-रिवाजों को जीवित रखनी है; जिससे भावी पीढ़ी देवउठनी पर्व के रीति-रिवाजों से अनभिज्ञ न हो।

राजिम, जिला - गरियाबंद छत्तीसगढ़

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम - 311 : श्री राम को न पाकर अयोध्या की प्रजा अंततः वापस लौटने को हुई तैयार

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



रानी कौशल्या महाराज दशरथ के श्री राम के संबंध में पूछने पर उन्हें कोई उत्तर न दे सकीं। उन्हें मौन देखकर राजा दशरथ और अधिक दुखी हुए।

"मेरा राम!"

"लौट आओ पुत्र राम!"

"पुत्री सीता!"

"पुत्र लक्ष्मण!"

"कहां हो तुम सब?"

राजा ऐसा कहते हुए बार-बार मूर्छित होते हैं। थोड़ी ही देर में वैद्य महारानी कौशल्या के भवन में प्रवेश करते हैं। महाराज की नाड़ी की गति और अन्य शारीरिक जांच पूरी करने के बाद उन्होंने महारानी से कहा, "महाराज को राजकुमार राम के वन जाने से गहरा आघात लगा है! महाराज के प्राण श्री राम में ही बसते हैं। अतः यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है महारानी जी!

गुरु वशिष्ठ अपने आश्रम वापस पहुंच चुके हैं और राज्य की वर्तमान स्थिति को लेकर अत्यंत चिंता में हैं। गुरु वशिष्ठ पर बड़ा उत्तरदायित्व है। जब तक महाराज दशरथ स्वस्थ नहीं होते हैं और राजकुमार भरत अपने ननिहाल से वापस अयोध्या नहीं आ जाते हैं, गुरु वशिष्ठ को राजकार्य के संचालन में अपनी प्रमुख भूमिका निभानी होगी।

इधर निराशा जनता तमसा क्षेत्र में किंकर्तव्यविमूढ़ है कि वह किस दिशा में श्री राम का अनुसरण करे और आगे बढ़े। वे आपस में मंत्रणा करने लगे।

"क्या हम यहां से अलग-अलग दिशाओं में आगे बढ़ें और जिस दिशा में श्री राम होंगे वहां उनके साथ जुड़ जाएं और अन्य लोगों को भी संदेश देकर उस मार्ग पर बुलवा लें?"

"ऐसा करना उचित नहीं होगा। मुझे तो यह लगता है कि सुमंत जी श्री राम, सीता जी और लक्ष्मण जी को वापस अयोध्या की ओर ले गए होंगे। अतः हमें वापस लौटना चाहिए।"

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## कविता

### खुशियों से आँगन भर देती है

मेहंदी हाथ मे लगकर खुश हो गई है
अपनी किस्मत पर वह मस्त हो गई
रंगत तेरी जीवन को ताजगी देती है
खुशियों से घर-आँगन को भर देती है
हाथों मे सजने की औकात मेरी होती
आँखे दर्द मे दिन व रात क्यूकर रोती
कर मे सज खुद को धन्य कर लेती है
खुशियों से घर-आँगन को भर देती है
दूजा मेहंदी उसे देख कर सोच रही है
अपनी फूटी किस्मत को कोस रही है
किसी साथी का अहसास कर लेती है
खुशियों से घर-आँगन को भर देती है
हाथों की लकीरों मे रंग भरती रहती है
रंगत से जीवन की कहानी भी कहती है
रंग लाती मेहंदी जीवन को रंग दे देती है
खुशियों से घर-आँगन को भर देती है



प्रमेशदीप मानिकपुरी
आमाचानी धमतरी
छ.ग.
9907126431

## शब्द सामर्थ्य -233

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे**
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुसबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 232 का हल**

## सू- दोकू क्र. 233

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक रख सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.232 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## कविता

### "मै कवि हूं"

मै कवि हूं,
कविता लिखता हूं!
मै जब भी लिखता हूं,
बेसुमार लिखता हूं!
किसी के ख्वाब तो,
किसी के जज्बात लिखता हूं!
कभी प्रकृति का वर्णन,
कभी वीरों की कहानी लिखता हूं!
मै कवि हूं,
कविता लिखता हूं!
महंगाई, भ्रष्टाचार, अत्याचार,
के खिलाफ लिखता हूं!
दुनिया की सच्ची घटना,
बचपन की यादें लिखता हूं!
कभी प्रेम कभी प्यार,
कभी रस छंद अंलकार लिखता हूं!



कृष्णा चौहान
अमेरी, तह.-बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ
(छ.ग.)
मो.न.-6260891787

## राशिफल

**मेष** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। संतान की संगति की ओर आप विशेष ध्यान दें।

**वृषभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आपके बच्चे बिजनेस में आपका पूरा स्पोर्ट करेंगे। पूंजी के उचित निवेश के लिए आपको किसी अनुभवी व्यक्ति की राय लेनी चाहिए। कलाकारों के लिए दिन विशेष रूप से अच्छा है। खुद की गलती की जिम्मेदारी लेने में संकोच न करें, चीजों को समझकर सुधार करने की कोशिश करें।

**मिथुन** — आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें।

**कर्क** — आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपके तय किए काम समय से पूरे होते हुए नजर आ रहे हैं साथ ही कुछ काम वक्त से पहले पूरे करने की वजह से खुद पर गर्व महसूस करेंगे। लोगों के विचार और आपके बारे में बोली गई किसी बात को लेकर आप मन ही मन उलझन में रहेंगे।

**सिंह** — आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आपका दिन तरक्की देने वाला रहेगा। अपने आस-पास की सफाई का पूरा ध्यान रखेंगे। आपको आज अपना काम पूरा करने में थोड़ा वक्त लग सकता है, लेकिन काम पूरा होने से आपको खुशी होगी। हॉकी खेल रहे खिलाड़ियों को आज अपने कोच के द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगा।

**कन्या** — आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। किसी बुजुर्ग की सहायता करने पर आपको अच्छा महसूस होगा। साइंस के अध्यापकों का दिन आज काफी व्यस्त रहेगा। आज जीवनसाथी के साथ घर के जरूरत का सामान खरीदने आप मार्केट जायेंगे। साथ ही बच्चों के लिए खिलौने भी खरीदेंगे, बच्चे इससे प्रसन्न होंगे।

**तुला** — आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज कारोबारी संबंधी योजनाओं को अपरिचित लोगों के सामने जाहिर न करें, कोई इसकी नकल कर सकता है। पुरानी प्रॉपर्टी के सेल परचेज संबंधी बिजनेस में अच्छी डील होगी। इस राशि की वर्किंग महिलाएं कामकाज की वजह से व्यस्त रहेंगी। घर में शांतिपूर्ण माहौल रहेगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। छात्रों को सीनियर्स से कुछ नया सीखने को मिलेगा। किसी काम को लेकर आज भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में आपके काम की तारीफ होगी। दांपत्य रिश्ते में अनबन दूर होगी, रिश्ते की नई शुरुआत करेंगे। परिवार में किसी की तरक्की से उत्सव का माहौल बनेगा।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सचेत रहें। आप अपने जीवन में प्रेम को बढ़ाने के लिए अधिक प्रयास करते रहे, जिससे आपके प्रियजनों का व्यवहार भी आपके लिए बदल जाएगा। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा। कारोबार में चल रही समस्याएं स्वतः ही समाप्त हो जाएंगी।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आप ऑफिस के उलझनों को ऑफिस में ही छोड़ कर आए, घर तक ना लाए, इससे आपके घर का माहौल भी खराब हो सकता है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है।


**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। आज कार्यों में जीवनसाथी का पूरा साथ मिलेगा। आप अपने जीवनसाथी का पूरा ख्याल रखें और उनकी सेहत से संबंधित किसी भी समस्या में अकेला ना छोड़े।

**मीन** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान की परेशानी हल हो सकती है। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आप जिस तरह से अपना काम करते हैं, वैसे ही करते रहे। आपकी पदोन्नति हो सकती है। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा।

## कविता

### ।। देव उठनी ।।

चौमासा ले देवता जागय, सगरो जगत हरसाय।
एकादशी नेम ले मनखे, अन-धन सुम्मत पाय।।
द्वापर जुग के सिरतो बात, नोहे कंथली कहानी।
पबरित पावन एकादशी, ग्यानी ध्यानी जनाय।।
जेकर ले दुख पीरा हरय ,उहि बल जग ल भाय।
वृन्दा के पति जालन्धर जग म हाहाकार मचाय।।
पतिव्रता के सतभारी, बल पाके करे अतियाचारी।
शिवजी न सके सकाय, लक्ष्मी पति करय उपाय।।
अचरित लागय जग किता, अईसन जुगत लगाय।
नवा किरन सुख पगरौती, दुख के रतिहा पहाय।।
सत हरगे हरि के छल ले, पखरा बनगे श्राप बल ले।
सत बल ले शालिग्राम संग, वृन्दा तुलसी पुजाय।।
नवा काम के जोखा मनखे, नवा घर मुहूरत पाय।
मंगनी जंचनी बर बिहाव, सुग्घर लगिन धराय।।
सबो परब सीख सिखावन, सबो हे पबरित पावन।
अंधियारी दूरिहावय संगी, देवत्व शुभता जगाय।।



रोशन साहू "मोखला"
(राजनांदगांव), 7999840942

# जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर

**जिले के कुल 96 धान उपार्जन केन्द्रों में होगी धान खरीदी**



**14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य होगा प्रारंभ**

**○ जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल**
**○ कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की लगाई ड्यूटी**

राजनांदगांव (दावा)। जिले में धान खरीदी कार्य की तैयारी जोरों पर है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी का कार्य प्रारंभ हो जायेगा। छत्तीसगढ़ देश का इकलौता ऐसा राज्य है, जहां किसानों धान का सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है। जिले के किसानों में धान खरीदी को लेकर उत्साह एवं खुशी का माहौल है। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में धान खरीदी के लिए युद्ध स्तर पर तैयारी जारी है। धान खरीदी केन्द्रों में मॉनिटरिंग के लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी के दौरान किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नहीं होना चाहिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नामतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य किट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य व्यवस्थाओं सुनिश्चित करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने तथा उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से धान की नमी को मापने कहा। उन्होंने खरीदी केन्द्र में धान खरीदी की दर सूची फ्लैक्स लगाने कहा है। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की सतत निरागनी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी-बिक्री पर सख्त कार्रवाई करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होंने धान खरीदी के लिए किसानों को ऑफलाईन एवं टोकन तुंहर दुआर मोबाईल एप से ऑनलाईन टोकन लेने कहा। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव जिले में कुल धान उपार्जन केन्द्रों की संख्या 96 है। खरीदी केन्द्रों में विपणन संघ द्वारा 1 लाख 50 हजार 669 बारदाना प्रदाय किया गया है। किसानों को भुगतान शाखाओं, एटीएम, माईक्रो एटीएम एवं मोबाईल बैंकिंग के माध्यम से की जाएगी। जिले में अब तक कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है।

# ग्रामीण क्षेत्र के युवा अवैध शराब कारोबार में हो रहे हैं संलिप्त

**आबकारी विभाग क्यों है मौन-कार्यवाही के अभाव में ग्रामीण क्षेत्रों में बिगड़ रहा है माहौल**

डोंगरगाँव (दावा)। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में नशे के अवैध कारोबार के साथ ही अपराधों में भी लगातार बढ़ोत्तरी हो रहा है। अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में चोरी, मारपीट, धमकी, सडक़ दुर्घटना, सट्टा सहित अन्य आपराधिक घटनाएं हो रही है। इन सामाजिक बुराईयों का मुख्य कारण अंचल में खुलेआम बेखौफ रूप से अवैध शराब की बिक्री माना जा रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छुरिया विकासखंड के डोंगरगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बाजार नवागांव सहित, कलडबरी, महरूम, रतनभाट नर्सरी में काफी समय से जगह-जगह अवैध शराब कारोबार को लेकर ग्रामीणों में भय व दहशत व्याप्त है, कोचियों के द्वारा बेखौफ अवैध शराब जगह-जगह खुलेआम विक्रय करने से युवा वर्ग बच्चे लगातार नशे गिरफ्त में आ रहे हैं।

हैरानी की बात है कि आबकारी विभाग और पुलिस इस विषय को लेकर गंभीर नहीं दिखती, स्थानीय पुलिस की छुटपुट कार्यवाही को छोड़ दिया जाये तो कोई बड़ी कार्यवाही को लेकर आबकारी विभाग आज तक सामने नहीं आयी है, जिससे आबकारी विभाग पर सवालिया निशान लग रहे हैं, वहीं बगैर लागत या कम लागत में अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में युवा वर्ग नशाकर अनेक सामाजिक बुराईयों में संलिप्त होते जा रहे हैं. ठोस कार्यवाही के अभाव में इन शराब कोचियों के हौसले बुलंद हैं और पकड़े जाने पर कुछ नेताओं के संरक्षण के चलते अवैध धंधों में पडऩे वाले युवाओं की बाढ़ सी आ गयी है। प्रदेश में सरकार बदलने के बाद इस धंधे में अंकुश लगने की आस लगा रखे आम ग्रामीण अब काफी परेशान हो चुके हैं। पूरे अंचल में शराब माफियाओं व्दारा बड़े पैमाने में इस काम को अंजाम दे रहे हैं, जिसके चलते ग्रामीण क्षेत्रों में चखना दुकानों में शराब विक्रय और सट्टा का कारोबार किया जा रहा है. एक जानकारी के मुताबिक अब शराब कोचियों व्दारा घर पहुंच सेवा तक दी जा रही है और इसके लिए स्पोर्टस बाईक, स्कूटी, लूना, पल्सर के साथ-साथ कार का उपयोग किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि यह मामला पुलिस या आबकारी विभाग के संज्ञान में नहीं है किन्तु राजनीतिक दबाव के चलते वे भी मजबूर हैं। शराब माफियाओं को न तो प्रशासन का डर है न तो आबकारी या पुलिस विभाग का, ऐसे में शराब तस्करों द्वारा गांव-गांव तक बेखौफ रूप से शराब पहुंचाई जाती है। अब देखना यह है शासन-प्रशासन कब तक इस मामले को गंभीरता से लेती है और क्षेत्र के युवाओं को अन्य कामधंधों में लगाकर सामाजिक बुराईयों से मुक्ति दिलाएगी।

## पहला कॉलम...

### आंवला नवमी पर्व पर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की



डोंगरगढ़(दावा)। आंवला नवमी के अवसर पर महिलाओं ने विधि-विधान के साथ आंवला पेड़ की पूजा-अर्चना कर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान घरों से पकवान तैयार कर आंवला पेड़ को अर्पित किए गए।

इस दिन महिलाएं विशेष रूप से सज-धजकर आंवला पेड़ के नीचे सामूहिक रूप से कथा का वाचन करती है। अक्षय फल प्राप्ति के लिए प्रमुख पर्व होने के कारण दान-पुण्य भी किया गया। इस दिन विशेष रूप से आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा की जाती है। महिलाओं ने आंवला पेड़ की परिक्रमा करने के बाद सामूहिक रूप से कथा का श्रवण भी किया और प्रसाद ग्रहण कर आंवला नवमी तिथि को मनाया गया।

### अमन बने नामदेव समाज के अध्यक्ष



डोंगरगढ़(दावा)। 10 नवम्बर को संत नामदेव भवन में श्री नामदेव समाज डोंगरगढ़ की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से विकास नामदेव को अध्यक्ष, ललित नामदेव को उपाध्यक्ष, अमन बृज नामदेव को सचिव एवं दीपांशु भारद्वाज को कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी को नामदेव समाज के सामाजिक गणों ने बधाई दी।

### डुमरडीहकला में 9 दिवसीय विशाल चंडी यज्ञ एवं श्रीमद् देवी भागवत का आयोजन 2 दिसंबर से



राजनांदगांव (दावा)। ब्लॉक के डुमरडीहकला में सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर एवं समस्त ग्रामवासी द्वारा 2 दिसंबर से 10 दिसंबर तक 9 दिवसीय श्रीमद् देवी भागवत व विशाल चंडी यज्ञ का आयोजित किया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कथावाचक आचार्य पं. रामानुज युवराज पांडेय श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के श्रीमुख से संपन्न होगा। आयोजन सरपंच दिनेश सिंह ठाकुर ने सभी धर्मप्रेमियों से इस पावन अवसर पर कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर की संपर्क कक्षाएं 18 से 28 तक

डोंगरगाँव (दावा)। नगर के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के समस्त प्राईवेट(अमहाविद्यालयीन) छात्र-छात्राओं के लिए आगामी 18 नवम्बर से 28 नवम्बर तक बी.एस.सी. प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक संपर्क कक्षाएं आयोजित की जा रही है। इन कक्षाओं में महाविद्यालय में सभी पंजीकृत विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप 08:30 बजे से इन दिनांकों पर उपस्थित होना अनिवार्य है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए प्रबंधन ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि इस दौरान कक्षाओं में विषय वनस्पति शास्त्र, प्राणी शास्त्र, रसायन शास्त्र और भौतिक शास्त्र के अंतर्गत सभी प्रायोगिक कार्य और प्रायोगिक फाईल, आंतरिक परीक्षा एवं सैद्धांतिक प्रश्न पत्रों की विस्तार से जानकारी दी जायेगी।.

### महान शक्ति अन्नपूर्णा मात मेला महोत्सव मकरनपुर सुकूलदैहान




राजनांदगांव (दावा)। महान शक्ति अन्नपूर्णा माता मेला महोत्सव देवउठनी एकादशी के शुभ अवसर पर ग्राम मकरनपुर सूकुलदेहान में मातर मडंई शोभायात्रा समस्त ग्रामवासियों के द्वारा निकाली जाएगी मेले का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे से होगा आयोजक कुंती बाई माता एवं समस्त ग्रामवासी मकरनपुर होंगे। प्रसिद्ध अन्नपूर्णा माता मंदिर में दर्शन मात्र से भक्तों की हर मनोकामना पूर्ण होती है एक चिमटी भभूत का प्रसाद लेने पर समस्त कष्टों नाश होता है।

# श्रीगणेश गौशाला गनेरी में धूमधाम से मना गोपाष्टमी महोत्सव



डोंगरगाँव (दावा)। अंचल के समीपस्थ ग्राम गनेरी में सतपुड़ा मैकल पर्वत श्रेणियां से घिरे वनांचल में पुण्य सलिला झूरा नदी (सूखानाला बैराज) के पावन तट पर स्थित श्री गणेश गौशाला में गोपाष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। गौशाला के संस्थापक ब्रह्मलीन श्रीराजयोगी बाबाजी के परम शिष्य एवं गौशाला के संरक्षक बालयोगेश्वर श्रीरामबालकदास महात्यागी के सानिध्य में गोपाष्टमी महापर्व 10 नवंबर रविवार को पारंपरिक सनातनी रीति रिवाज से मनाया गया। इस दौरान बालयोगेश्वर बाबाजी ने बड़ी संख्या में यहाँ पहुंचे आसपास ग्रामों के गौ भक्तों को गोपाष्टमी पर्व मनाए जाने के वास्तविक कारण और उसका महत्व को बताया, साथ ही गौ सेवा से मिलने वाले पुण्य लाभ की जानकारी दी गई और सभी भक्तजनों को अधिक से अधिक गौ सेवा करने की बात कही गई। साथ ही पाटेश्वरधाम में निर्माणाधीन भव्य एवं दिव्य कौशल्या माता धाम मंदिर के निर्माण में अधिक से अधिक जुडऩे व सहयोग करने के लिए संकल्पित होने की बात पर जोर दिया गया।

गोपाष्टमी महोत्सव के उपलक्ष्य में गौशाला में अनेक कार्यक्रमों और मंडई मेले का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दिनेश साहू, गायत्री परिवार से जुड़े जयप्रकाश सिन्हा, संतोष काग्देलवार, संघ से जुड़े अलखराम साहू एवं अन्य समाजसेवी जनों की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने आभार उद्बोधन में गौशाला के संयोजक शशांक साहू ने बाल योगेश्वर श्री राम बालकदासजी महात्यागी को अपना बहुमूल्य समय निकालकर सैकड़ों गौ भक्तों को अपना सानिध्य लाभ एवं आशीर्वचन प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। श्री गणेश गौशाला गनेरी के सह-संरक्षक राजीव यदु, संयोजक राकेश दुबे, अध्यक्ष इंद्रकुमार गंगबेर, उपाध्यक्ष बल्लू राजपूत, सचिव कंवलराम कंवर अन्य सदस्यगण मिथिलेश मिश्रा, मनोज ठाकुर, सिद्धम चोपड़ा, रमेसूजी एवं गौशाला से जुड़े एवं अपनी सेवा दे रहे सभी सदस्यगणों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए उपस्थिति सभी गौभक्तों का आभार व्यक्त किया और इसी प्रकार सदैव गौमाता की सेवा व रक्षा के लिए तत्पर रहने लिए प्रेरित किया।

# बादराटोला में विधायक भोलाराम साहू ने विभिन्न विकास कार्यों का किया लोकार्पण



**समाज के विकास के लिए बच्चों का शिक्षित होना आवश्यक - भोलाराम साहू**

छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के शहीद ग्राम बादराटोला, विकासखंड छुरिया में विधायक भोलाराम साहू ने विधिवत पूजा-अर्चना कर नव-निर्माण यात्री प्रतीक्षालय एवं शासकीय प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष तथा दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव द्वारा स्वर्गीय जोहनलाल साहू के स्मृति में प्रदत्त परिक्षेत्र साहू समाज का सामुदायिक भवन का लोकार्पण कर पट्टिका का अनावरण किया।

विधायक श्री साहू ने अपने उद्बोधन में साहू समाज के सभी पदाधिकारियों एवं समस्त ग्रामवासियों को उपरोक्त लोकार्पण विकास कार्यों के लिए बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनायें दिए तथा अतिथियों के स्वागत के लिए उन्होंने सभी परिक्षेत्र साहू समाज एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। आगे कहा कि समाज के विकास व उन्नति के लिए बच्चों का शिक्षित होना नितांत ही आवश्यक है एवं तथा उन्होंने जनसमुदाय से अपील किया कि समाज के सभी वर्गो को अच्छे कार्यों के प्रेरित करना चाहिए जिससे समाज का उन्नति और विकास हो सके। इस कार्यक्रम के दौरान भुनेश्वर साहू, अध्यक्ष तहसील साहू संघ छुरिया, नीलमणी साहू महामंत्री जिला साहू संघ राजनांदगांव हिरेन्द्र कुमार साहू, गोपाल साहू एवं गिरधारी साहू संरक्षक परिक्षेत्रीय साहू संघ बादराटोला, श्रीमती भेषबाई साहू उपाध्यक्ष जिला साहू संघ राजनांदगांव, ज्ञानचंद साहू, जोधीराम साहू, डुमेश्वर साहू, बालकिशन साहू, भारत साहू, देवेंद्र कुमार साहू, शीशुपाल साहू, त्रिलोचन साहू भुवन साहू, श्रीमती पार्वती दिलेश्वर साहू, श्रीमती उषा बाई चंद्रवंशी सरपंच बादराटोला एवं परिक्षेत्रीय साहू समाज बादराटोला के अध्यक्ष नलेन्द्र कुमार साहू, नरेंद्र कुमार साहू, श्रीमती हिरमत साहू कामता प्रसाद साहू, शोभाराम साहू, टूमेश्वर कुमार ठाकरे एवं साहू समाज के अन्य पदाधिकारीगण, पंचगण तथा समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

# तथाकथित किसान नेता सुदेश टीकम कांग्रेस की बी टीम- भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर

**भाजपा नेताओं ने सुदेश टीकम पर किसानों को गुमराह करने का आरोप लगाया**

डोंगरगढ़(दावा)। लालबहादुर नगर मंडल एवं किसान मोर्चा के द्वारा संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर किसान नेता सुदेश टीकम पर आरोप लगाया कि, अपने आप को जिला किसान संघ का अध्यक्ष कहने वाले तथाकथित किसान नेता सुदेश टीकम किसानों को गुमराह कर रहे है। ऐसा प्रतीत होता है कि वास्तव में वह किसान ही नही है।

क्योकि कलेक्टर के द्वारा जिस तरह से किसानों को जागरूक करने और फसल विविधिकरण एवं जल संरक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन कर धान के अलावा ग्रीष्म कालीन फसल मक्का, दलहन, तिलहन एवं अन्य फसलों की खेती करने पर कृषको से आर्थिक दंड लेने के सम्बंध में समाचार पत्र एवं सोशल मीडिया के माध्यम से भ्रामक प्रचार का खंडन कलेक्टर के द्वारा वैधानिक कार्यवाही हेतु साफ हिदायत दिया गया। सुदेश टिकम और कांग्रेस बेनकाब हो गए। भाजपा जिला किसान मोर्चा उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कहा जिस तरह से कांग्रेस के एक नेता अपने फार्महाउस में बैठक कर किसानों को अनावारी के हिसाब से सरकार धान खरीदी करने का झूठा प्रचार किया जा रहा है और पटवारियों को अनावारी बढ़ाकर लिखने हेतु दबाव दिया जा रहा है। जबकि शासन प्रशासन की तरफ से ऐसा कोई आदेश ही नही है।

जिला किसान संघ के नेता सुदेश टीकम अपने आप को किसान नेता कहते है,वे उस वक्त कहां थे जब भूपेश सरकार द्वारा किसानों को आखरी क़िस्त नही दी गई, जब किसानों से भूपेश सरकार बारदाना के नाम से लाखों रुपये खा गए। उस समय आंदोलन भूख हड़ताल क्यो नही किया, जब कांग्रेस द्वारा किसानों को फर्जी वर्मीकम्पोस्ट दिया जा रहा था। जिसे भाजपा ने किसान के हित में लड़ाई लड़ी तब सुदेश टीकम कहां थे अभी तक कई किसानों को वर्मीकम्पोस्ट के नाम पर राशि काट ली गई। लेकिन वर्मीकम्पोस्ट नही मिला, मंडल अध्यक्ष बोधी साहू, तामेश्वर साहू, प्रशांत कोडापे ने संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा इससे साफ हो गया है कि सुदेश टीकम और कांग्रेस का चोली दामन का साथ है। इसलिए किसान भी अब समझ गए है इस तरह से ऐसे लोगो के भ्रामक प्रचार में नही आने वाले है। लालबहादुर भाजपा मंडल एवं किसान मोर्चा किसानों से आह्वान करती है इस तरह की झूटी भ्रामक दुष्प्रचार में न आये और धान बेचने हेतु ऑनलाइन टोकन किसान जरूर कटवाए।

### हरदी में मोर संगी जहुरिया की प्रस्तुति 15 नवम्बर को

हरदी (दावा)। शिवनाथ वार्ड 51 हरदी में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 15 नवम्बर शुक्रवार को कार्तिक पूर्णिमा मोहारा मेला के उपलक्ष्य में रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए मोर संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी ग्राम गुजरा (धमतरी) का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी चन्द्रकृत साहू, तेनसिंह साहू व तेनू साहू ने दी।

# अवैध रूप से शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति पर पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई




डोंगरगढ़ (दावा)। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर ग्राम कल्याणपुर निवासी उत्तम दास चतुर्वेदी को पुराना कालेज चौक के पास अवैध रूप से शराब पीने-पिलाने की सुविधा मुहैया कराने के आरोप में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई। मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। मौके से शराब पीने वाले व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गये। शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को रंगे हाथ पकडा गया। जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम उत्तम दास चतुर्वेदी पिता स्व. फुन्दूक राम चतुर्वेदी उम्र 50 साल निवासी कल्याणपुर का रहने वाला बताया है। जिसे शराब पीने पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने के आरोप पर गिरफ्तार किया गया। आरोपी उत्तम दास चतुर्वेदी का कृत्य अपराध धारा 36 सी आबकारी एक्ट का पाये जाने से विधिवत आज दिनांक 10 नवंबर के 20:00 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपी का जुर्म जमानतीय व सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया।

# विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान के 75 वर्ष होने पर हीरक जयंती मनाई गई



**आल इंडिया रेलवे एससी, एसटी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, महिला सशक्तीकरण संघ एवं द बुद्धा टीचिंग फाउंडेशन का संयुक्त तत्वावधान**

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान के 75 वर्ष होने पर हीरक जयंती का कार्यक्रम आल इंडिया रेलवे एससी, एस टी रेलवे एम्पलाइज एसोसिएशन, महिला सशक्तीकरण संघ व द बुद्धा टीचिंग फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेलवे इंस्टीट्यूट डोंगरगढ़ में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व मुख्य मार्गदर्शक एडवोकेट धनीराम बंजारे अध्यक्ष भारतीय प्रचारिणी सभा, विशिष्ट अतिथि अनमोल बौद्ध संविधान प्रचारक व अध्यक्ष राष्ट्रीय धम्म संघ, विशिष्ट अतिथि सुदेश मेश्राम अध्यक्ष नगर पालिका, श्रीमती किरण मेश्राम व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ मनोज गजभिए की गरिमामय उपस्थिति में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर कार्यक्रम का विधिवत प्रारंभ किया गया।

हीरालाल टेम्बुरकर, रत्नदीप, अनिल लांडगे द्वारा संविधान गीत गाया। अनमोल बौद्ध द्वारा का संविधान के अनुच्छेद एक पर उद्बोधन एवं व्याख्या की गई। शिक्षक अमिताभ दुफारे के मार्गदर्शन में सुजाता महिला मंडल द्वारा संविधान की प्रस्तावना पर मनमोहक मंचन किया गया व बच्चों द्वारा संविधान गीतों पर नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि एडवोकेट धनीराम बंजारे द्वारा सभी समस्याओं का समाधान भारत का संविधान को विभिन्न अनुच्छेदों के माध्यम से बताया। कार्यक्रम का संचालन एच के आजाद ने किया व कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मनोहर कामड़े, अजय मेश्राम सचिन कुमार, अजय सरजारे, पदमा मेश्राम मैडम, गांधी टांडिया का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में अजाक्स के जिला अध्यक्ष सिद्धार्थ चौरे, जिला सचिव दिनेश सुधाकर, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महादेव वाल्दे, हीरालाल मोर्य, पुरूषोत्तम रामटेके, गौतम रामटेके, संजू गजभिए, अनिल सहारे, संतोष सहारे, बाबूलाल जनबंधु, मिलिंद वैद, सुनिता ऊके सहित बड़ी संख्या में संविधान प्रेमी उपस्थित थे।

# पूर्व छात्र नेता नरेंद्र सोनी ने ली भाजपा की सक्रिय सदस्यता



खैरागढ़ (दावा)। भाजपा द्वारा चलाई जा रही सदस्यता अभियान 15 नवंबर तक चलाई जा रही है जिसमें भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनने के लिए निर्धारित मापदंड पूर्ण करने की अवधि भी 15 नवंबर तक है। जिसके चलते खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले में अभी तक सैकड़ों सक्रिय सदस्य बन चुके हैं इसी क्रम में पूर्व छात्र नेता रहे नरेंद्र सोनी ने भी सक्रिय सदस्य बनने का मापदंड पूर्ण करके जिलाध्यक्ष घम्मन साहू के समक्ष सक्रिय सदस्यता ग्रहण की।

बता दें कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पश्चात नरेंद्र सोनी 2001में रानी रश्मि देवी महाविद्यालय में प्रथमछात्र संघ अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे जो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले निर्वाचित हुए थे जबकि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी इस दौरान उन्होंने अपने सरल व्यवहार से छात्रों के साथ-साथ राजनेताओं के दिल में भी जगह बना ली थी नरेंद्र सोनी ने छात्र संघ अध्यक्ष रहते हुए छात्रहित में कई कार्य किये हैं।

नरेंद्र सोनी ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली से काफी प्रभावित हैं प्रधानमंत्री मोदी जिस तरह से राष्ट्र हित में कार्य कर रहे हैं उनसे प्रेरणा लेकर हम सभी को अपने-अपने क्षेत्र में कार्य करना चाहिए।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के राष्टीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भाजपाप्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं को गिनाते हुए बताया है कि सभी वर्गों के हित को ध्यान में रखकर भाजपा सरकार कार्य कर रही है जिसे देखते हुए अधिक से अधिक लोगों को भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता लेनी चाहिए।

# पहला कॉलम...

## आज एयरलाइंस विस्तारा का एयर इंडिया में होगा विलय



नई दिल्ली। देश की पहली प्रीमियम एयरलाइंस विस्तारा सोमवार 11 नवंबर 2024 को आखिरी बार उड़ान भर रही है. मंगलवार 12 नवंबर को विस्तारा का एयर इंडिया में विलय हो जाएगा. साल 2013 में टाटा समूह ने सिंगापुर एयरलाइंस के साथ ज्वाइंट वेंचर करते हुए एविएशन सेक्टर में फिर से कदम रखा और 9 जनवरी 2015 को विस्तारा ने दिल्ली और मुंबई के बीच अपनी पहली उड़ान भरी थी. इस विलय के साथ ही एयर इंडिया देश की पहली फुल सर्विस कैरियर बन जाएगी और इंटरनेशनल रुट्स पर एयर इंडिया का मार्केट शेयर दोगुना से भी ज्यादा 50 फीसदी से ऊपर 54 फीसदी हो जाएगा. पहले से ही इंटरनेशनल रुट्स पर 27 फीसदी के मार्केट शेयर के साथ एयर इंडिया का दबदबा कायम है. भारत के एविएशन सेक्टर का मार्केट लीडर फिलहाल इंडिगो है लेकिन एयर इंडिया, इंडिगो को चुनौती देने के लिए विस्तारा के विलय के साथ खुद को मजबूत कर रही है. विस्तारा के एयर इंडिया में विलय के बाद उसके कुल फ्लीट्स की संख्या 144 से बढ़कर 214 विमानों की हो जाएगी. एयर इंडिया की लो कॉस्ट कैरियर एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास 90 विमान है और कंपनी ने 470 नए विमानों का आर्डर बोइंग और एयरबस को दिया हुआ है जिसकी डिलिवरी जल्द शुरू हो जाएगी. विस्तारा जो 11 नवंबर को इस ब्रांड के नाम से आखिरी बार उड़ान भर रही है वो भारत और इंटरनेशनल रुट्स को मिलाकर 50 से ज्यादा जगहों के लिए उड़ान भरती है जिसमें 12 देशों के लिए विस्तारा की सीधी फ्लाइट्स है. कंपनी के पास 70 एयरक्रॉफ्ट हैं. साल 2015 से लेकर अबतक 6.5 करोड़ से ज्यादा हवाई यात्री विस्तारा में उड़ान भर चुके हैं.

## सेक्स स्कैंडल : प्रज्वल रेवन्ना की याचिका सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज

नई दिल्ली । कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में फंसे जेडीएस नेता प्रज्वल रेवन्ना को सुप्रीम कोर्ट से भी राहत नहीं मिली है. सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सांसद को जमानत पर रिहा करने का आदेश देने से इनकार करते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है. इससे पहले बेंगलुरु हाईकोर्ट ने भी उनको जमानत देने से इनकार कर दिया था. इसके बाद हाईकोर्ट के फैसले को प्रज्वल रेवन्ना ने सुप्रीम कोर्ट मे चुनौती दी है. जेडीएस नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर यौन उत्पीड़न के तीन मामले दर्ज हैं. इनके अलावा उन पर कई महिलाओं से बलात्कार के भी आरोप हैं. इस मामले के सामने आने के बाद कर्नाटक सहित पूरे देश में सनसनी फैल गई थी. उस वक्त लोकसभा चुनाव हो रहा था. ऐसे में इस खुलासे के तुरंत बाद प्रज्वल देश छोड़कर भाग गए थे. लेकिन कुछ महीनों के बाद वापस लौट आए थे. प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दर्ज पहला केस 47 साल की पूर्व नौकरानी के यौन शोषण से जुड़ा है. इसमें उनको मुख्य आरोपी ना बनाकर सहायक आरोपी यानी की आरोपी नंबर 2 बनाया गया है. इसे 28 अप्रैल को हासन के होलेनारसीपुरा में दर्ज किया गया था. इसमें उनके पिता एचडी रेवन्ना मुख्य आरोपी हैं. वो इस समय जमानत पर हैं. दूसरा केस सीआईडी ने दर्ज किया था. यह मामला 1 मई को दर्ज हुआ था.

## पाकिस्तान में प्रदूषण से कर्फ्यू जैसे हालात

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंच चुका है. अब इसका असर आम जनजीवन पर पड़ने लगा है. पाकिस्तान के पंजाब प्रांत ने वायु प्रदूषण के कारण होने वाली बीमारियों से बचने के लिए ज्यादातर बाहरी गतिविधियों पर रोक लगा दी है. कुछ इलाकों में दुकानों, बाजारों और मॉल को सोमवार से जल्दी बंद करने के आदेश दिए गए हैं. स्विस ग्रुप ढ्ढक्त्रद्बह्ल् की लाइव रेटिंग के अनुसार, हवा की गुणवत्ता के मामले में लाहौर दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर बन गया है. सरकार ने लाहौर सहित अन्य जगहों पर शैक्षणिक संस्थानों, पार्कों और चिड़ियाघरों जैसे सार्वजनिक स्थानों को पहले ही 17 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया है. पंजाब सरकार ने रविवार देर रात जारी एक आदेश में कहा कि लाहौर, मुल्तान, फैसलाबाद और गुजरांवाला जिलों में सांस की बीमारियों, आंख और गले में जलन और गुलाबी आंख की बीमारी के मरीजों में बड़ी बढ़ोतरी देखी गई है. आदेश में कहा गया कि नए प्रतिबंध भी 17 नवंबर तक लागू रहेंगे.

आदेश में कहा गया है कि बाहरी खेल आयोजनों, प्रदर्शनियों, त्योहारों और रेस्तरां में खाना खाने जैसी सभी बाहरी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. हालांकि अपरिहार्य धार्मिक आयोजनों को इससे छूट दी गई है. फार्मेसियों, तेल डिपो, डेयरी दुकानों और फल व सब्जी की दुकानों को भी रात 8 बजे तक बंद करने के निर्देशों से छूट दी गई है.

# राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का समापन, यूपी की टीम को हराकर विद्या भारती बनी विजेता

बरेली । बरेली के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में छह नवंबर को शुरू हुई 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का रविवार को समापन हो गया। बालक वर्ग में विद्या भारती की टीम ने यूपी को हराकर खिताब अपने नाम किया। बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल की टीम विजेता बनी।बरेली में 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में रविवार को बालक वर्ग में विद्या भारती की टीम ने उत्तर प्रदेश को 3-1 से मात देकर जीत हासिल की। वहीं बालिका वर्ग में गुजरात को मात देकर पश्चिम बंगाल ने 3-0 से जीत दर्ज कराई।



बरेली के राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में अंडर-17 वॉलीबाल प्रतियोगिता में रविवार को सेमी फाइनल और फाइनल मुकाबले खेले गए। इस दौरान बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विद्या भारती को कांटे की टक्कर दी और पहला राउंड 26-24 स्कोर से जीत लिया। दूसरे राउंड में भी दोनों ही टीमों के बीच कांटे की टक्कर चल रही थी, लेकिन तभी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी अनस के पैर में चोट लग गई। घायल होने पर अनस कोर्ट से बाहर चले गए। उनके इलाज के लिए काफी समय तक आइस पैक नहीं आ सकी। इसके कुछ देर बाद आयोजकों ने बर्फ का टुकड़ा मंगवाकर उनका इलाज शुरु किया, लेकिन अनस फिर खेल नहीं सके। अनस के घायल होने से टीम की चाल बिगड़ गई। इसके बाद विद्या भारती टीम के खिलाड़ियों ने अपनी लंबाई का फायदा उठाते हुए 29-27 स्कोर से जीत हासिल की। तीसरे राउंड में भी उत्तर प्रदेश की टीम आगे चल रही थी, लेकिन 22वें अंक विद्या भारती की टीम आगे हो गई। इस अंक को लेकर उप्र की टीम के खिलाड़ियों का रेफरी के साथ विवाद भी हुआ। हालांकि रेफरी ने विद्या भारती के पक्ष में फैसला सुनाया। इसके साथ ही मैच में पिछड़ा उप्र अपनी वापसी नहीं कर सका और विद्या भारती ने यह राउंड 25-22 जीत लिया। विद्या भारती को विजेता घोषित किया गया। वहीं बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल ने अपनी फुर्ती के दम पर गुजरात को बड़े स्कोर के अंतर से लगातार 25-14, 25-17 व 25-13 स्कोर से हराकर एकतरफा मुकाबला जीत लिया। इससे पहले बालक वर्ग के सेमी फाइनल मुकाबले में उत्तर प्रदेश की टीम ने पंजाब को 3-1 से व विद्या भारती ने झारखंड को 3-0 से हराया। बालिका वर्ग में पश्चिम बंगाल ने राजस्थान को 3-2 से व गुजरात ने झारखंड को 3-0 से हराया। बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में राजस्थान की टीम तीसरे और पंजाब की टीम चौथे स्थान पर रही। वहीं बालिका वर्ग में राजस्थान की टीम तीसरे और झारखंड की टीम चौथे स्थान पर रही।

# भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर के बेटे ने कराया जेंडर चेंज

नई दिल्ली। खेल जगत में एक खबर खूब सुर्खियां बटोर रही है. बताया जा रहा है कि एक भारतीय क्रिकेटर के बेटे ने जेंडर चेंज करवाया है. हर कोई जानना चाहता है कि वो भारतीय क्रिकेटर कौन है. तो आपको बता दें कि वो भारतीय क्रिकेटर संजय बांगर हैं. संजय बांगर के बेटे आर्यन बांगर ने हाल ही में जेंडर चेंज करवाया है और वो लड़की बन गए हैं. जेंडर चेंज करवाने के बाद आर्यन बांगर ने अपना नाम बदलकर अनाया बांगर रख लिया है. अनाया ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने इस सफर का खुलासा किया है.



पूर्व भारतीय ऑलराउंडर संजय बांगर के बेटे आर्यन ने सेक्स चेंज सर्जरी के बाद अपने हॉरमोनल बदलावों के बारे में खुलकर बात की. जिन्होंने अब अपना नाम बदलकर अनाया रख लिया है. उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की जिसमें हॉरमोन रिप्लेसमेंट थेरेपी (ॠज्ञ) के इफेक्ट के बारे में बात की. अनाया ने यह भी बताया कि सर्जरी को 11 महीने हो चुके हैं. अनाया ने कहा, ÷पेशेवर तौर पर क्रिकेट खेलने का मेरा सपना हमेशा मुश्किलों से भरा रहा. सुबह-शाम कड़ी मेहनत करना, मैदान पर अभ्यास करना और दूसरों की आलोचना का सामना करना, मुझे हर कदम पर संघर्ष करना पड़ा.÷ अनाया ने आगे कहा, ÷लेकिन क्रिकेट के अलावा, एक और यात्रा थी - अपनी असली पहचान को स्वीकार करना.

# चैंपियंस ट्रॉफी में होगी वरुण चक्रवर्ती की एंट्री?

नई दिल्ली। भारतीय टी20 टीम की फॉर्म काफी अच्छा चल रही है. भले ही भारतीय टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में छोटे स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाई, लेकिन भारतीय टीम के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की. इसमें सबसे शानदार प्रदर्शन वरुण चक्रवर्ती का रहा. उन्होंने अपनी गेंदबाजी से आधी साउथ अफ्रीकी टीम को वापस पवेलियन भेज दिया. अब वरुण को लेकर मांग उठने लगी है कि उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी की टीम में जगह दी जानी चाहिए, जिसके लिए दिनेश कार्तिक ने ट्वीट भी किया.



पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने भारतीय टीम के चयनकर्ताओं को लेकर अहम बयान दिया है. उन्होंने कहा है कि मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में जगह दी जानी चाहिए. कार्तिक ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर संदेश दिया कि वरुण इस समय अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में हैं और उन्हें न चुनना 'एक बड़ी गलती' साबित हो सकती है.

दिनेश कार्तिक ने अपने पोस्ट में कहा- च्अगर भारतीय टीम वरुण चक्रवर्ती को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए नहीं चुनती है, तो यह एक बड़ी गलती होगी. वह एक शानदार गेंदबाज के रूप में उभरे हैं और उनके प्रदर्शन को नजरअंदाज करना सही नहीं होगा.

# ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले गौतम गंभीर ने दिया हर तीखे सवाल का जवाब

नई दिल्ली। 22 नवंबर से टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है. ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले टीम इंडिया के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. इस दौरान उन्होंने कई खुलासे किए और सभी तीखों सवालों के जवाब दिए. यहां जानें गौतम गंभीर की प्रेस कॉन्फ्रेंस की सभी बड़ी बातें.

गंभीर ने इन बातों को भी खारिज कर दिया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में तीनों टेस्ट मैच गंवाने के बाद भारतीय टीम दबाव में है. गंभीर ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले कहा, भारतीय टीम में अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अभी तक अपनी भूमिका शानदार तरीके से निभाई है. गंभीर से जब पूछा गया कि क्या उन्हें डंकन फ्लेचर के समय जैसा दबाव महसूस होता है जब टीम बदलाव के दौर में थी, उन्होंने कहा, मैं बदलाव के बारे में नहीं बल्कि पांच टेस्ट मैचों के बारे में सोच रहा हूं. बदलाव हो या न हो, अगर ऐसा होना है तो होगा, लेकिन मैं भारतीय टीम में कुछ ऐसे अविश्वसनीय खिलाड़ियों को देख रहा हूं जो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब हैं.



रोहित शर्मा अगर नहीं खेले तो फिर कौन कप्तान होगा. इस बारे में गंभीर ने कहा कि जसप्रीत बुमराह टीम के उपकप्तान हैं. अगर रोहित शर्मा उपलब्ध नहीं होते हैं तो फिर बुमराह ही टीम के कप्तान होंगे. वहीं शुभमन गिल से ओपन कराने को लेकर उन्होंने कहा कि मैं अभी प्लेइंग इलेवन को लेकर कुछ नहीं बता सकता हूं, हम अपने बेस्ट कॉम्बिनेशन के साथ उतरेंगे. उन्होंने कहा, मैं बदलाव या इस तरह की चीजों के बारे में नहीं सोच रहा हूं. मेरे दिमाग में केवल एक बात है कि हम पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जा रहे हैं. हमारे ड्रेसिंग रूम में कुछ ऐसे अविश्वसनीय खिलाड़ी हैं जो भविष्य में भी काफी कुछ हासिल करेंगे. पूर्व कप्तान और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा के बल्ले से रन नहीं निकल रहे हैं. प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब गंभीर से पूछा गया कि क्या वह इन दोनों सीनियर बल्लेबाजों की फॉर्म को लेकर चिंतित हैं. इसके जवाब में उन्होंने कहा, ÷कतई नहीं. वे बेहद मजबूत खिलाड़ी हैं और उन्होंने भारतीय क्रिकेट के लिए काफी उपलब्धियां हासिल की हैं. वे भविष्य में भी काफी उपलब्धियां हासिल करेंगे. मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे अब भी वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और उनके पास अब भी जुनून है. वे अब भी काफी कुछ हासिल करना चाहते हैं और यह चीज बेहद महत्वपूर्ण है.÷गौरतलब है कि विराट कोहली इस साल अभी तक टेस्ट मैचों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए हैं. उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ कानपुर टेस्ट में 70 रन बनाए थे. टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने अपना आखिरी शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में लगाया था. न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में भी कोहली के बल्ले से सिर्फ 93 रन निकले थे. कप्तान रोहित शर्मा भी इस सीरीज में फ्लॉप रहे. वह सिर्फ 91 रन ही बना सके थे. गंभीर ने कहा कि विशेषकर न्यूजीलैंड के हाथों हार के बाद भारतीय खिलाड़ियों का अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेताब होना काफी मायने रखता है.

# केंद्र सरकार ने स्वच्छता कैंपेन में कबाड़ बेच कमाए 650 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने अक्टूबर में चले स्वच्छता अभियान के तहत निकले कबाड़ को बेचकर 650 करोड़ रुपये से अधिक की आय आर्जित की है। यह जानकारी कार्मिक मंत्रालय द्वारा दी गई। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशों से प्रोत्साहित होकर 2021-24 के बीच चलाए गए स्पेशल कैंपेन के तहत 2,364 करोड़ रुपये की आय कबाड़ को बेचकर प्राप्त हुई है। इससे अधिकारियों के लिए अधिक ऑफिस स्पेस फ्री हुआ है और दक्षतापूर्ण कार्य करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय कार्मिक राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि स्पेशल कैंपेन 4.0 स्वच्छता को संस्थागत बनाने और सरकारी कार्यालयों में लंबित मामलों को कम करने के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान था। स्वच्छता और लंबित मामलों को कम करने के लिए विशेष अभियान 4.0 में संतृप्ति दृष्टिकोण अपनाया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 में 5.97 लाख से अधिक साइटों पर स्वच्छता अभियान चलाया गया है और इसके परिणामस्वरूप प्रभावी कार्यालय उपयोग के लिए 190 लाख वर्ग फुट जगह खाली हुई है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि हर गुजरते साल के साथ, विशेष अभियान का आकार और पैमाना बढ़ रहा है और 2023 में 2.59 लाख साइटों की तुलना में 2024 में 5.97 लाख से अधिक साइटों को कवर किया गया। स्पेशल कैंपेन 4.0 की समीक्षा कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और केंद्र सरकार के सचिवों द्वारा कार्यान्वयन में नेतृत्व और मार्गदर्शन प्रदान करते हुए की गई। स्पेशल कैंपेन 4.0 की प्रगति को दैनिक आधार पर इसके लिए बनाए गए स्पेशल पोर्टल पर मॉनिटर किया गया।

सिंह ने स्पेशल कैंपेन 4.0 के तहत केंद्रीय सचिवालय में लंबित मामलों में कमी की सराहना की, जिसमें अधिकांश मंत्रालयों/विभागों ने अपने लक्ष्यों का 90-100 प्रतिशत हासिल किया। बयान में आगे कहा गया कि यह स्पेशल कैंपेन 31 अक्टूबर को बंद हो गया है। इसके परिणाम काफी अच्छे रहे हैं। अगला चरण 14 नवंबर से शुरू होगा।

# एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स ने स्ट्रोक के प्रति जागरूकता के लिए एमएस धोनी से किया गठजोड़

पुणे। एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने क्रिकेट के मशहूर खिलाड़ी, एमएस धोनी के साथ मिलकर स्ट्रोक की रोकथाम पर जन जागरूकता अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल के तहत, एमक्योर और धोनी ने एक वीडियो के ज़रिये हर किसी से स्ट्रोक के लक्षणों के बारे में जागरूक होने तथा स्ट्रोक की पहचान के लिए कम से कम एक व्यक्ति को शिक्षित करने और इसके बारे में जागरूकता फैलाने का आग्रह किया है।

भारत में किए गए महामारी विज्ञान (एपिडेमियोलॉजी) से जुड़े अध्ययनों के अनुसार, हर साल 18 लाख से अधिक लोग स्ट्रोक से पीड़ित होते हैं और यह मृत्यु तथा विकलांगता का एक प्रमुख कारण बन जाता है। इसलिए एमक्योर ने ब्रेन स्ट्रोक, इसके लक्षण तथा जान बचाने और अनगिनत लोगों को बेहतर परिणाम प्रदान करने के लिए समय पर हस्तक्षेप के महत्व को समझने के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने का बीड़ा उठाया है।

मैदान पर अपनी तेज तर्रार समझ के लिए जाने जाने वाले, कई विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान, एमएस धोनी अब स्ट्रोक के महत्वपूर्ण संकेतों और इन लक्षणों के प्रकट होने पर त्वरित, निर्णायक पहल की आवश्यकता के बारे में देश को जागरूक करने में मदद करेंगे। यह अभियान बीफास्ट (1) दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जो एक सरल, याद रखने लायक संक्षिप्त नाम और स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों को रेखांकित करता है, जिससे लोगों के लिए इसे पहचानना और तुरंत पहल करना आसान हो जाता है। ई का मतलब है अचानक दृष्टि (आईसाइट) में बदलाव, एफ का मतलब है चेहरा (फेस) लटक जाना, ए का मतलब है हाथ (आर्म) की कमजोरी, एस का मतलब है बोलने (स्पीच) में कठिनाई, टी का मतलब है बिना देरी के आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिए कॉल करने का समय (टाइम) धोनी इस बात पर जोर देते हैं कि जिस तरह क्रिकेट मैच में हर सेकंड मायने रखता है, उसी तरह इन संकेतों को पहचानना और आपातकालीन चिकित्सा सहायता के लिए कॉल कर तुरंत चिकित्सा शुरू करने से रिकवरी और इसके स्थायी प्रभाव से जुड़े परिणाम में काफी फर्क आ सकता है।

# प्रथम पेज का शेष

***रूसी उप प्रधानमंत्री डेनिस ...***

उपसमूह) के दौरान हस्ताक्षर किए गए। बीडीएल को 1970 में रक्षा मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में शामिल किया गया था। इसका उद्देश्य भारतीय सशस्त्र बलों के लिए निर्देशित मिसाइल प्रणालियों और संबद्ध उपकरणों का निर्माण करना था। बीडीएल का मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है।

***पीसीसी चीफ दीपक बैज..***

उन्होंने कहा बीजेपी बिछिया, पायल, साड़ी, 5 सौ से एक हजार का नोट, ताश की गड्डी, सोने के सिक्के, दारू और अंटा गोलियां बांट रही है. इससे पता चलता है कि बीजेपी कितनी डरी हुई है. उन्होंने इस पर चुनाव आयोग को संज्ञान में लेने की भी बात कही. दीपक बैज ने कहा, बीजेपी चुनाव जीतने के लिए खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रही है. लेकिन दक्षिण की जनता ने ठान लिया है कि इनके सोने, कंबल, साड़ी सब कुछ ले लेंगे लेकिन वोट कांग्रेस को ही देंगे.

***राम मंदिर को बम से उड़ाने की......***

सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी ने बताया कि वीडियो जारी होने का मामला संज्ञान में है। अयोध्या व रामजन्मभूमि की सुरक्षा पहले से ही सख्त है। फिर भी अलर्ट घोषित कर दिया गया है। पूरी निगरानी की जा रही है। वहीं आईजी प्रवीण कुमार ने कहा कि आतंकी पन्नू की ओर से वीडियो बयान के माध्यम से धमकी की जानकारी मिली है। राम मंदिर और समूचे अयोध्या धाम में पहले से विशेष सुरक्षा और सतर्कता बरती जा रही है। इस तरह के वीडियो बयान पहले भी जारी किए गए हैं, फिर भी ताजा वीडियो बयान जारी होने के बाद सुरक्षा व्यवस्था की एक बार फिर से समीक्षा की जा रही है।

***बीजेपी की राजनीतिक फसल बढ़ रही...***

में पार्टी को निराशाजनक प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था। केवल नितिन गडकरी ही अपनी सीट बचा पाए थे, इस चुनावी हार के बाद बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के बीजेपी नेताओं के साथ कई बैठकें कीं, लेकिन इन बैठकों में गडकरी नहीं दिखे, इस सवाल पर गडकरी ने कहा, 'मेरी महाराष्ट्र में कोई भूमिका नहीं है, यहां के नेता सक्षम हैं, उन्हें मेरी जरूरत नहीं है, लेकिन जब भी मेरी मदद की जरूरत होगी, मैं उपलब्ध रहूंगा।

***झारखंड में पहले चरण के लिए...***

उसमें से 17 सीट सामान्य, 20 अनुसूजित जनजाति और 6 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इन 43 सीटों से 683 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। उनमें 609 पुरुष, 73 महिला और एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर के हैं। प्रथम चरण के चुनाव के लिए कुल 15,344 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। उसमें से 12,716 बूथ ग्रामीण और 2,628 बूथ शहरी क्षेत्र में स्थित हैं। इनमें से 50 बूथ यूनिक कैटेगरी में हैं। 1,152 मतदान केंद्रों पर मतदान की पूरी प्रक्रिया का जिम्मा महिलाओं के हाथों में रहेगा। जबकि, 23 बूथों की जिम्मेदारी युवा और 24 बूथों का जिम्मा दिव्यांग लोग संभालेंगे।

# हॉकी इंडिया ने मलेशिया को 4-0 से रौंदा, बिहार में वीमेंस एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने विमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में मलेशिया के खिलाफ अपने अभियान की धमाकेदार शुरुआत की। जहां उसने 4-0 से बड़ी जीत हासिल की। ऐतिहासिक शहर राजगीर में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने अपने आक्रामक खेल और मजबूत रक्षात्मक रणनीति से मलेशिया को हर मोर्चे पर पछाड़ दिया। संगीता कुमारी ने 8वें और 55वें मिनट में दो गोल किए। जबकि प्रीति दुबे (43') और उदिता (44') ने एक-एक गोल कर टीम की जीत को सुनिश्चित किया। इस जीत के साथ भारतीय टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक मिले, जिससे वह टूर्नामेंट में एक मजबूत दावेदार बनकर उभरी।



## पूरे मैच में बना रहा रोमांच

मैच की शुरुआत में मलेशिया को भारत के गोलकीपर सविता की सतर्कता के कारण बढ़त का मौका नहीं मिल सका। मलेशिया की नूर मोहम्मद ने एक मौका बनाया, लेकिन सविता ने बेहतरीन बचाव किया। मलेशिया को शुरुआती पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन उसे भुनाने में वह असफल रहीं। इसके बाद भारतीय टीम ने मैच का नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। दीपिका के शॉट को संगीता कुमारी ने 8वें मिनट में गोल में बदलते हुए भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद भी टीम ने मलेशिया पर दबाव बनाए रखा और कई मौके बनाए, हालांकि प्रीति दुबे कुछ मौकों पर गोल नहीं कर सकीं।

दूसरे क्वार्टर में भारतीय टीम का आक्रमण जारी रहा, लेकिन उसे और गोल नहीं मिला। हाफ टाइम के पहले लालरेमसिआमी ने शानदार रन के बाद एक और पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, लेकिन नेहा का शॉट गोल में नहीं बदल सका। तीसरे क्वार्टर में भारत ने अपना आक्रामक खेल जारी रखा और 43वें मिनट में प्रीति दुबे तथा 44वें मिनट में उदिता के गोल से स्कोर 3-0 कर लिया। अंत में संगीता कुमारी ने 55वें मिनट में अपना दूसरा गोल कर भारत की बढ़त को 4-0 पर पहुंचा दिया और मलेशिया की वापसी की उम्मीदों को खत्म कर दिया।

## अगला मैच कोरिया के खिलाफ

अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 12 नवंबर को कोरिया के खिलाफ होगा। इस टूर्नामेंट का सीधा प्रसारण सोनी स्पोर्ट्स टेन 1 और लाइव स्ट्रीमिंग सोनीलिव पर होगी। सभी भारतीय मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर भी किया जाएगा।

# भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने किया शानदार प्रदर्शन, चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स खिताब जीता



नई दिल्ली। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने बहतरीन प्रदर्शन जारी रखते हुए आखिरी दो क्लासिकल दौर में शानदार करके चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज खिताब अपने नाम कर लिया। दूसरी ओर, ग्रैंडमास्टर वी प्रणव पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहकर चैलेंजर्स खिताब के हकदार बने। मास्टर्स वर्ग में शीर्ष स्थान के लिए त्रिकोणीय मुकाबला था जिसमें अरविंद ने ग्रैंडमास्टर लेवोन आरोनियन को पहले ब्लिट्ज प्लेऑफ में हराया। इसके बाद काले मोहरों से खेलते हुए दूसरा मुकाबला ड्रॉ खेला।

अरविंद ने परहम एम के खिलाफ अगला मुकाबला जीता, जबकि ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और लेवोन आरोनियन ने ड्रॉ खेला। आरोनियन ने ग्रैंडमास्टर अमीन टाबाटाबाइ से ड्रॉ खेला, जबकि अर्जुन ने ग्रैंडमास्टर मैक्सिक वाचियेर लाग्रेव से ड्रॉ पर सहमति जताई।

अरविंद टाइब्रेक में बेहतर स्कोर के आधार पर शीर्ष पर हैं, जबकि आरोनियन और अर्जुन ने दो गेम का ब्लिट्ज प्लेऑफ खेला और दोनों विजयी रहे जिससे सडन डैथ तक मुकाबला पहुंचा। आरोनियन ने अर्जुन को ड्रॉ पर रोककर फाइनल में अरविद के खिलाफ जगह बनाई। अरविंद ने पहला मुकाबला जीता और दूसरा ड्रॉ खेलकर खिताब अपने नाम किया। चैलेंजर वर्ग में प्रणव को ग्रैंडमास्टर ल्यूक मेंडोंका के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। उन्होंने ड्रॉ के साथ चैलेंजर खिताब जीता।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन ग्राम भोथली स्थित विद्यालय में

मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन की स्मृति में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया जाता है



डोंगरगढ़(दावा)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के अध्यक्ष सुषमा सावंत एवं तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ के अध्यक्ष अनिश दुबे के मार्गदर्शन में दिनांक 11 नवम्बर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्राम भोथली में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का आयोजन किया गया।

इस शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य डी. के. बडोके के द्वारा की गई। शिविर में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि 11 नवंबर का दिन विशेष है। शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को देखते हुए प्रतिवर्ष मौलाना अबुल कलाम आज़ाद के जन्मदिन (11 नवंबर) की स्मृति में ही 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' मनाया जाता है। वैधानिक रूप से 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' का प्रारंभ 11 नवंबर, 2008 से किया गया।

शिक्षा हर व्यक्ति के लिए बेहद जरूरी है। आगे उन्होने कहा व्यक्ति और समाज दोनों को आकार देने में एजुकेशन की भूमिका मुख्य है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस भी इसीलिए मनाया जाता है ताकि लोगों को इसके बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जा सके और सभी को शिक्षा की मुख्यधारा में शामिल करना चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस का उद्देश्य भारत के सभी स्कूल/कॉलेज/संस्थानों को मजबूत करके शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। पश्चात पीएलवी पवन कुमार द्वारा लोक अदालत तथा साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियो को पोक्सो कानून, बालश्रम तथा नए कानून आदि जानकारी से अवगत कराया गया। इसके अलावा विधिक सेवा हेल्पलाइन 15100, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस शिविर को महत्वपूर्ण बनाने में प्राचार्य डी. के. बड़ोके का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यक्रम में शिक्षकगण तथा पैरालीगल वॉलिंटियर अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित रहे।

# अग्रवाल समाज ने मनाया आंवला नवमी

अन्नकूट एवं दीपावली मिलन समारोह के साथ कराया सामाजिक भोज का आयोजन



गंडई पंडरिया (दावा)। गंडई अग्रवाल समाज द्वारा 10 नवम्बर आँवला नवमी के अवसर पर अग्रसेन भवन गंडई में अन्न कूट, दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया इस अवसर पर अग्रसेन भवन में लगाये गए आंवले के वृक्ष का विधि विधान से समाज द्वारा पूजा अर्चना किया गया। बता दे कि गंडई अग्रवाल समाज द्वारा गंडई के राजनांदगांव रोड पर सामाजिक भवन बनाया गया है जिसे अग्रसेन भवन का नाम दिया गया है।

उक्त भवन में ही अग्रवाल समाज का अधिकतर समाजिक क्रिया कलाप सम्पन्न किया जाता उक्त भवन में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया जिसमें आंवला पेड़ भी शामिल है उक्त आंवले के पेड़ का पूजन हर वर्ष समाज द्वारा किया जाता है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी समाज के द्वारा आंवले के पेड़ का पूजा विधिविधान से किया गया। कार्यक्रम के अंत में अग्रवाल समाज द्वारा समाजिक भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान गंडई नगर के पूरा अग्रवाल समाज उपस्थित रहा।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ रवाना हुए दार्जलिंग



राजनांदगांव (दावा)। राज्य स्तरीय पर्वतारोहण आपदा प्रबंधन व्यक्तित्व विकास शिविर कुसरांग दार्जलिंग 12 से 16 नवम्बर तक डॉ.सोमनाथ यादव राज्य मुख्य आयुक्त कैलाश कुमार सोनी राज्य सचिव के मार्गदर्शन में आयोजित है।

जिसमें राजेन्द्र गोलछा राज्य उपाध्यक्ष उमेश हथेल जिला अध्यक्ष महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त प्रवास कुमार सिंह बघेल जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त स्काउट के दिशा निर्देश में जिला राजनांदगांव से स्काउट गाइड रोवर रेंजर रवाना हुए जिन्हें टोमन साहू जिला उपाध्यक्ष महेश खंडेलवाल जिला मुख्य आयुक्त आलोक बिंदल जिला कोषाध्यक्ष ने मंगल मय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए अपने छात्र जीवन काल के अनुभव को साझा किया।

विकासखण्ड राजनांदगांव की शा.उ.मा.शाला बघेरा ठाकुर प्यारेलाल शा.उ.मा.शाला महारानी लक्ष्मी बाई शा.उ.मा.शाला वेसलियन हिन्दी माध्यम स्कूल डॉ बलदेव प्रसाद मिश्र शा.उ.मा.शाला बसंतपुर विकासखण्ड डोंगरगढ़ की शा. उ.मा. शाला चारभाठा शा.उ.मा. शाला बोरतलाव शा.उ.मा. शाला मुरमुन्दा शा. कन्या उ.मा. शाला शा.उ.मा. शाला मुसरा विकासखण्ड डोंगरगांव की शा.उ.मा. शाला शा.उ.मा.शाला जंगलपुर विकासखण्ड छुरिया की शा.उ.मा. शाला साल्हे शा.उ.मा.शाला करमरी शा.उ.मा.शाला गिदर्री के स्काउट गाइड रोवर रेंजर जिला प्रभारी राजा राम देवांगन राजनांदगांव श्रीमती मीना पटेल डोंगरगांव सहित सहभागिता कर रहे हैं। इस अवसर पर मयूख श्रीवास्तव जिला संगठन आयुक्त टोमन पटेल विकास खण्ड सचिव डोंगरगांव स्काउटर संतराम साहू जी.पी.नेताम सुरेश साहू तिलेश्वर बघेल गाइडर श्रीमती कीर्ति साहू सहित परिजन एवं पालक की उपस्थिति रही।

# शास.उच्च.माध्य.शाला खुज्जी पॉक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण पर विशेष कार्यशाला





खुज्जी (दावा)। दिनांक 09 नवम्बर 24 को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला खुज्जी में पोक्सो एक्ट एवं बाल संरक्षण विषय पर विशेष न्यायाधीश फार्स्ट टैक स्पेशल कोर्ट पॉक्सो अविनाश तिवारी ने कार्यशाला लगाई।कार्यशाला में डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह, अधिवक्ता महेन्द्र सिंह, एस.आई. डी.के. रावटे शामिल थे। शाला के प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू सभी शिक्षक सहित शाला की सभी छात्र-छात्राएं कार्यशाला में उपस्थित थे।

विशेष न्यायाधीश अविनाश तिवारी ने छात्रों को पोक्सो एक्ट तथा बाल संरक्षण अधिनियम की विस्तार से जानकारी दिया। उन्होंने छात्रों को बताया कि 18 वर्ष से पहले कोई भी लड़की किसी लड़के के साथ अपनी इच्छा तथा सहमति से भी चली जाती है तो भी लड़की के अवयस्क होने के कारण इसे कानून स्वीकार नहीं करता और इसमें पॉक्सो एक्ट के तहत कार्यवाही होती ही है। इसी तरह श्री तिवारी ने बताया कि, शाला में किसी भी छात्रा से किसी भी प्रकार का दैहिक या सेक्शुअल हरकत होता है और यदि संकोचवश किसी शिक्षक, शिक्षिका या माता पिता को नहीं बता पा रहे हैं तो स्कूल में एक पॉक्सो बॉक्स होता है जिसमे घटना की जानकारी पत्र में लिखकर डाल सकते हैं। कोर्ट में चल रहे ऐसे प्रकरणों का जिक्र करते हुए न्यायधीश श्री तिवारी ने बताया कि ज्यादातर मामलों में छात्राएं भय के कारण अपना नाम ही नही लिखतीं जिससे केश फर्जी हो जाता है और आरोपी को सजा नही हो पाती।

श्री तिवारी ने छात्रों को बाल संरक्षण अधिनियम की भी विस्तृत जानकारी दिया। थाना प्रभारी उपेन्द्र शाह ने सायबर अपराधों पर विस्तार से चर्चा किया। उन्होंने बताया की फेसबुक और इंस्टाग्राम में युवक युवतियों का परिचय होता है और ये परिचय धीरे-धीरे प्यार मोहब्बत में बदल जाता है फिर ऐसे ही प्रकरणों में धोखाधड़ी भी बहुत होता हैं फिर लोगों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना पड़ता है। इसलिए इसे प्रकरणों से बचकर रहें, जानकारी ही बचाव है। अधिवक्ता महेन्द्र सिंह ने भी पोक्सो एक्ट और बाल संरक्षण के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दिया। शाला के प्रभारी प्राचार्य गुमान साहू ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन छात्र संघ प्रभारी रूपेश नागपुरे सर ने किया। इस अवसर पर शाला के सभी शिक्षक ढालेंद्र सिंह कोल, अर्जुन कुमार सोनी, अनिल रामटेके, सुषमा ऊके, मंदीपकौर भाटिया, मोहनलाल मंडावी, सुमन शुक्ला, कीर्ति शर्मा, रैना देवांगन तथा शाला के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# दिग्विजय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनंदगांव में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संस्था के प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी इकाई 01 प्रो. संजय सप्तर्षि, इकाई 2 प्रो. करुणा रावटे के नेतृत्व में सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम कुतुलबोर्ड भाटागांव का आयोजन, युवा भारत के लिए युवा, डिजिटल भारत के लिए युवा विषय पर आयोजित किया गया है। सात दिवसीय विशेष शिविर 9 नवंबर से 15 नवंबर के मध्य आयोजित किया गया जा रहा है। जिसका आज द्वितीय दिवस उद्घाटन सत्र का आयोजन किया गया।



उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के प्राचार्या कार्यक्रम की संरक्षक डॉक्टर अंजना ठाकुर, महाविद्यालय रजिस्ट्रार दीपक परघनिया, ग्राम प्रमुख श्रीमती उमा बाई सरपंच पति कमल राणा ग्राम सचिव वीरेंद्र साहू, जनपद सदस्य सेवा राम साहू, ग्राम पंच सुहाद्रा बाई साहू, एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित रहे। उद्घाटन सत्र में उपस्थित विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के रजिस्ट्रार द्वारा ग्रामीणजनों के साथ मिलकर उनकी समस्याओं को जानकर शिक्षाप्रद कार्यक्रम करने को प्रेरित किया गया। साथ ही उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य द्वारा ग्राम प्रमुख एवं ग्रामीणों को धन्यवाद देते हुए स्वयंसेवियों को एकता और अनुशासन के साथ साथ नवाचार कार्य एवं कार्यक्रम करने को प्रेरित किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम में शिविर नायक दीपक कुमार, शिविर नायिका भुनेश्वरी, उप शिविर नायक राहुल, शिवम, उप शिविर नायिका टिकेश्वरी, निकिता, अनुशासन प्रभारी कोमल, यामिनी, मेस प्रभारी वरिष्ठ स्वयंसेवक तुमेश्वर, स्वयंसेवक चितरंजन, देविका, परियोजना प्रभारी कांशी, ईशा, मंच सज्जा प्रभारी डॉली, सौरभ, वरिष्ठ स्वयंसेवक लोकेश्वर, विनय, मनीष, विनोद के साथ साथ अन्य 95 स्वयंसेवक/स्वयंसेविका उपस्थित है।

# कॉन्फ्लुएंस में विश्व सेवा दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। कॉन्फ्लुएंस महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय मे 08 नवंबर, 2024 को विश्व सेवा दिवस मनाया गया, जिसमें ''सार्वजनिक सेवाएं और विकास'' थीम पर गोलमेज चर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लिए सार्वजनिक सेवा के मूल्य और गुण का जश्न मनाना है; विकास प्रक्रिया में सार्वजनिक सेवा के योगदान को उजागर करना; लोक सेवकों के काम को मान्यता देना और युवाओं को सार्वजनिक क्षेत्र में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना। वाणिज्य विभाग के छात्रों ने इस विश्व सेवा दिवस के अवसर पर अपने विचार साझा किए। इस कार्यक्रम ने छात्रों को अपने देश के प्रति युवाओं के कौशल का प्रदर्शन करने का मौका दिया। इसका आयोजन जागरूकता फैलाने, ज्ञान साझा करने, सामूहिक कार्रवाई को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया है। संयुक्त राष्ट्र लोक सेवा दिवस भी इन्हीं महत्वपूर्ण दिवसों में से एक है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य छात्रों मे सार्वजनिक सेवा के मूल्यों और नैतिकता को बढ़ावा देना हैं। इसमें छात्रों को समाज के प्रति दुनिया में अंतर्दृष्टि प्राप्त करने का अवसर भी प्रदान करना हैं।

# संगठन चुनाव की तैयारी में जुटी भाजपा, मंडल स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। भारतीय जनता पार्टी ने सदस्यता अभियान के साथ अब संगठन चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। रविवार को भाजपा मंडल अम्बागढ़ चौकी के साहू धर्मशाला में संगठन चुनाव व सदस्यता अभियान को लेकर मंडल स्तरीय कार्यशाला हुई, जिसमें मंडल मंडल में उपस्थित जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष, महामंत्री, शक्तिकेन्द्र के चुनाव सहयोगी, सह सहयोगी व कार्यकर्ता शामिल हुये।**



जिला चुनाव सह प्रभारी एवं जिला महामंत्री व जिलाध्यक्ष ने ली कार्यशाला

कार्यशाला में विशेष रूप से जिला महामंत्री व जिला संगठन चुनाव सह प्रभारी दिलीप वर्मा एवं मंडल चुनाव सहयोगी लखन कलामे, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण यादव,व्यापारी प्रकोष्ठ जिला संयोजक मोहन जैन, मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेश सिंगी उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुये जिला महामंत्री दिलीप वर्मा ने कहा कि संगठन का महापर्व मनाया जा रहा है। जिसमें प्रथम चरण में प्राथमिक सदस्यता अभियान, द्वितीय चरण में सक्रिय सदस्यता और अंतिम चरण में संगठन के चुनाव पूर्ण होने है। सदस्यता अभियान का जो निर्धारित लक्ष्य दिया गया है, उसे समय पर पूरा करें। सक्रिय सदस्यता बनाने का कार्य भी शुरू हो चुका है, जिन्हें दायित्व सौंपा गया है, वो गंभीरता से उसका निर्वहन करें। श्री वर्मा ने कहा कि मंडल में संगठन चुनाव के लिये सभी 16 शक्तिकेन्द्रों में सहयोगी व सह सहयोगी की नियुक्ति की गयी है। शक्तिकेन्द्र स्तर पर भाजपा के कार्यकर्ताओं की बैठकें आरंभ करें, जिसमें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नव सदस्यों की सूची भी बनाये। कार्यशाला को मंडल चुनाव सहयोगी लखन कलामे भाजपा मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन मंडल महामंत्री भारत भूषण राजपूत ने किया।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से पवन गुप्ता, रियाजुद्दीन कुरैशी, श्रीमती कमलेश सारस्वत, अवधेश त्रिपाठी, देवनारायण कुम्भकार, ढाल सिंह साहू, श्रीमती सुशीला रावटे, अविनाश त्रिपाठी, काशी निषाद, श्रीमती उमादेवी तिवारी, श्रीमती कुंजलता हरमुख, सतीष शर्मा, ययोगमाया साहू, तीजन मानिकपुरी, गया दास साहू, राजू सिन्हा, उत्तम गिरी गोस्वामी, कमल किशोर यादव, आशीष द्विवेदी, सैयद अजहरुद्दीन, संजय लाटा, ओम शरण सिन्हा, गजेंद्र मंडावी, शंकर मानिकपुरी, रामाधार हिरवानी, धर्मेंद्र साहू, रोहित सिन्हा, किशोर अटभैया, योगेश दखने, किशोर मेश्राम, संदीप मेश्राम, नारद टेम्भूलकर, धर्मेंद्र साहू, आदि सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# अभिलाषा में नि:शुल्क स्वास्थ परीक्षण सम्पन्न



राजनांदगांव (दावा)। नगर में संचालित दिव्यांग जनों के कल्याणार्थ शिक्षण प्रशिक्षण सह पुनर्वास संस्थान अभिलाषा राजनांदगांव में जिले के यशस्वी कलेक्टर संजय अग्रवाल सर एवं जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव के मार्गदर्शन में शालेय विद्यार्थियों का अनवरत स्वास्थ परीक्षण करते हुए समुचित इलाज़ कराया जा रहा है, इसी कड़ी में विगत दिनों डॉ.प्रीति बोरकर होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी शासकीय होम्योपैथी औषधालय राजनांदगांव द्वारा दिव्यांग बच्चों का स्वास्थ परीक्षण करते हुए 27 सर्दी जुखाम सहित आवश्यक दवाईयां वितरित किया गया।

संस्था परिसर में इस तरह निरंतर हो रहे स्वास्थ परीक्षण और इलाज के लिए संस्था के संरक्षक गौतम पारख, अध्यक्ष संतोष कुमार बोद्गन, उपाध्यक्ष श्रीमती गीता राठौर, सचिव श्रीमती रूपम सोनछत्रा, कोषाध्यक्ष नीरज बाजपाई, संयुक्त सचिव राजेश अग्रवाल, आलोक बिंदल, सदस्य संतोष खंडेलवाल, महेश खंडेलवाल, सुदामा मोटलानी, सूरज बुद्धदेव प्राचार्य श्रीमती वंदना तुरहाते, द्वारा, कलेक्टर महोदय और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के प्रति आभार व्यक्त किया गया युक्त जानकारी संस्था के प्रशासक दिलीप श्रीवास्तव द्वारा दिया गया।

# रेलवे द्वारा सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य) ''नृत्यांजलि'' का आयोजन




राजनांदगांव (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल में 08 नवम्बर को कार्मिक विभाग द्वारा अंतरमंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता (नृत्य) 2024 ''नृत्यांजलि'' का आयोजन किया गया। इस सांस्कृएतिक कार्यक्रम में मुख्यं अतिथि के रूप में एस.डी.पाटीदार-मुख्यृ कार्मिक अधिकारी (आई.आर.) मुख्या जलय बिलासपुर, उदय कुमार भारती-वरिण्मंडल कार्मिक अधिकारीध नागपुर, स्वेता एच.के.छोरिया-मंडल कार्मिक अधिकारी/नागपुर तथा अन्य, अधिकारीगण एवं सेक्रो की सदस्याएं उपस्थित थीं। इस प्रतियोगिता में नागपुर मंडलए रायपुर मंडल, WRS रायपुर, बिलासपुर मंडल एवं मुख्यालय बिलासपुर की टीमों ने भाग लिया। सांस्कृतिक एकल नृत्यर'' में 13 प्रतियोगियों ने एवं समूह नृत्यम में 7 टीमों ने भाग लिया। एस.डी. पाटीदार, मुख्य कार्मिक अधिकारी (आई.आर.) द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कायर वितरण किया गया। अंत में स्वेता एच.के.छोरिया, मंडल कार्मिक अधिकारी/ नागपुर ने औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

# ग्राम अचानकपुर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन



गंडई (दावा)। जिला केसीजी (गंडई) कबड्डी खेल के क्षेत्र में युवाओं के प्रतिभाओं को निखारने वनांचल क्षेत्र पैलीमेटा के ग्राम अचानकपुर के छोटे बच्चे, युवाओं ने कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें करीब 20 टीम ग्राम के आस पास खिलाड़ियों ने अपना प्रतिभा दिखाया जिसमें विजेताओं को राशि, सील्ड, मेडल देकर सम्मानित किया गया।

प्रथम रहे अचानक पुर 1500 कृष्णा साहू द्वारा,दूसरा ग्राम गर्रा 800 रु सरपंच नरसिंह साहू द्वारा तीसरा कानिमेरा 500, पप्पू सिंह चतुर्थ लमरा 300 रु. समिति द्वारा सील्ड, मेडल, राशि देकर हौसला आफजाई किया गया जिसमें मुख्य अतिथियों ने खिलाड़ियों के राज्य, राष्ट्रीय स्तर में प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित किया अतिथि रहे युवा साथी कृष्णा साहू,मनोज साहू, विजय साहू एवं आयोजक समिति के साथी टिक्कू साहू, तरुण, कुणाल, पंकज साहू, मानसिंह, करम, मोहित, अभय, भागवत, नारायण, गब्बर, खुमान, मिनेश, राहुल, सूरज, मनीष, मिथलेश, कीर्तन, ऋतिक, शिवम, रितेश, देवा, डोगेन्द्र, मुरारी, लक्ष्मण, किशन, तामेश्वर, टाकेंद्र साहू एवं छोटे छोटे बच्चों ने महतपूर्ण भूमिका निभाया महिलाओं, बच्चो, नागरिकों ने खेल का खूब आनंद लिया व खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना किया गया।

# दरेकसा-सालेकसा के मध्य स्थित समपार स्थायी रूप से बंद

राजनांदगांव (दावा)। संरक्षित, सुरक्षित एवं तीव्र गति से बाधारहित ट्रेन परिचालन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे का लक्ष्य है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा संरक्षा के मद्देनजर चरना बद्द तरीके से समपार फाटकों को बंद किया जा रहा है। इस कड़ी में मंडल के अंतर्गत दरेकसा-सालेकसा के मध्य कि.मी 959/19.21 पर स्थित मानव सहित समपार क्र.485 (बोरी गेट) को दिनांक 12 नवंबर 2024 के सुबह 06:00 बजे से स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है और इस के स्थान पर निकटतम नवनिर्मित रोड अंडर ब्रिज से सड़क उपभोगकर्ताओं हेतु यातायात सुविधा प्रदान की गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा सुरक्षित, संरक्षित तथा निर्बाध गति से न केवल ट्रेन परिचालन को सुनिश्चित किया जा रहा है बल्कि लेवल क्रॉस करने वाले व्यक्तियों, वाहनों आदि को भी निर्बाध गति एवं सुरक्षा के साथ ट्रेक क्रॉस करने की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः



# श्री दासीश्याम प्रभु की स्वर्ण रजत महोत्सव के पावन पर्व पर श्री सद्गुरुमां के चरणों में कोटि-कोटि नमन व प्रणाम

## श्री दासी श्याम मण्डल, राजनांदगांव

### जय श्री दासी श्याम जय श्री शक्ति मां



अत्यंत हर्ष का विषय है कि आज श्री श्याम प्रभु "दासी" स्वरूपा मां ने जो भजन भाव को श्री श्याम कुटी में प्रारंभ किया उसे क्रमशः निरंतर पूरे 50 वर्ष पूर्ण हो गये है और इसके साथ ही श्री श्याम शक्ति मिलन को 25 वर्ष पूर्ण हो गये। यह सौभाग्य आज हम सभी को प्राप्त होने जा रहा है। कहते है, प्रभु की शक्ति का अवतार कुछ विशेष प्रयोजन के लिए ही होता है तो इस शक्ति स्वरूपा "श्री दासी श्याम, मां" का मनुष्य रूप में आकर प्रभु के बताए गृहस्थ भक्ति प्रचार हेतु ज्ञान ग्रंथ की रचना करना था उसके साथ ही जग से हारे दीन दुःखीयों, निर्धन, असहाय एवं साधुसंतों की सेवा कर के दिखाना था। इस प्रमुख उद्देश्य को ध्यान में रखकर उनके बताए विश्वास आदर्श को श्री श्याम कुटी ने सभी भक्तजन और बच्चे इस आदर्श को आत्मसात कर रहे है।

मां के द्वारा जिन उत्सवों को शुरू किया गया आज भी वैसी ही सभी उत्सवो को श्री श्याम कुटी में मनाया जाता है। इस स्वर्ण-रजत महोत्सव में प्रतिदिन को एक उत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। फल्गुन की ग्यारस मां की जयंति, श्याम जन्मोत्सव आदि। पूरी श्याम कुटी को प्रभु श्री श्याम रूप में सजाया गया मानो स्वयं प्रभु श्री श्याम सभी नगर वासियों के दुःख हरने निहार रहे हो। इस अदभुत छटा को देख मन रोमांचित हो उठता है। आइये इस स्वर्णिम बेला में स्वयं को मगन कर प्रभु के भजनों को अपने जीवन में सदा-सदा के लिए समा कर इस पल के साक्षी बने और अपने को "प्रभु-मां" के रंग में रंग कर अपनी सुध बिसाट कर उनके आनंद में समा जाए।

**निर्मल कुमार शर्मा** मो. 9301054346
**मयंक शर्मा** मो. 9827153440
(आयकर, जीएस.टी. अधिवक्ता)
श्री दासीश्याम निवास, हमाल पारा, राजनांदगाँव

**CA पीयूष शर्मा**
श्री लक्ष्मी मंदिर के पास, हमाल पारा, राजनांदगाँव
मो. 9165901234

**विजय कुमार**
**नितिश कुमार अग्रवाल**
गुरूकृपा टॉवर, रामाधीन मार्ग, राजनांदगाँव
फोन 225260, मो. 9826178977

**मे. गुरू माँ ट्रेडर्स**
खाद, बीज, दवाई के थोक विक्रेता
हॉट बाजार, उदयाचल के पास, राजनांदगाँव. मो. 9425563834

स्व. मत्तूबेन हिरजीभाई टाँक एवं समस्त टाँक परिवार
टाँक एण्ड टाँक सोप इंडस्ट्रीज़
किंग चिल्ली रेस्टोरेन्ट
कौरिनभाठा, वी.आई.पी. रोड
राजनांदगाँव. मो. 9425237421

**कमल राईस मिल**
ग्राम फरहद जि. राजनांदगांव
राजकुमार अग्रवाल
अश्चित अग्रवाल

**MORVI'S JAIPUR**
जयपुर की सभी प्रकार की कुर्तियों के मैन्युफैक्चर
मो.9352312724

**ऐश्न एनर्जी**
मो. 9972173181

**विजय कुमार**
**नितिश कुमार अग्रवाल**
मो. 94241-10868
7530004474

**मधुर एण्ड प्रद्युम्न अग्रवाल**
चार्टर्ड एकाउंटेंट्स
दुर्गा चौक, गोंदिया (महा)
9765977663

**अवधेश कुमार जोशी**
एम.कॉम एलएलबी
जीएसटी एवं इनकम टैक्स एक्सपोर्ट
कामठीलाइन
राजमल काम्पलैक्स के सामने राजनांदगांव
मोबाइल नंबर 9826833409

**मे. वी.आर. ज्वेलर्स**
सोने, चांदी के आभूषणों के विक्रेता
सदर बाजार, राजनांदगाँव
उचित मूल्य पर गिरवी रखी जाती है.

**मे. डी. एस. इण्डस्ट्रीज़**
वायसेट, फेब्रीकेटर्स एवं स्टील फर्नीचर के निर्माता
7 ए औद्योगिक क्षेत्र, ममता नगर
राजनांदगाँव (छ.ग.)
मो. 9827184500, 9977880780

**राहुल अग्रवाल 'सोनू'**
गव्हर्नमेंट कान्ट्रेक्टर (सिविल वर्क)
**राजेश अग्रवाल**
आर.टी.ओ. एजेन्ट
मो. 9300465941

**मनीष कुमार शर्मा**
ओआईएलटीई इण्डस्ट्रीज़
कोलकाता - 700103
मोबा : 93309354714

**सचिन स्टील्स**
कॉटन मार्केट, चौधरी चौक
अमरावती (महाराष्ट्र)
फोन : 0721-2577962

**कैलाशचंद चांडक**
बालाजी कृषि केन्द्र
बाबा रामदेव राईस मिल
साजा, जिला - बेमेतरा
मोबा. 9407562900

**गोवर्धन शर्मा** (विधायक)
गंगा-गोवर्धन शर्मा अकोला
अर्चना-कृष्णा शर्मा
आरती-अनूप शर्मा
एवं समस्त काछवाल परिवार

**शर्मा एसोसिएट्स**
LIC Agent, Financial Consultant
श्री लक्ष्मी मंदिर के पास, हमाल पारा, राजनांदगाँव. मो. 9165901234
रियल एकाउंटिंग साल्युशन्स
कवर्धा-बेमेतरा मो. 9301111440

**शान ज्वेलर्स**
सोने, चांदी के आभूषणों के विक्रेता
राम मंदिर के बाजू, महात्मा गांधी रोड
बलौदाबाजार मो. 9669384858

**जय अम्बे ट्रेडिंग कं.**
भगवती प्रसाद नरेश कुमार अग्रवाल
शकुंतलम्, रानी दुर्गावती वार्ड, वारासिवनी, जि. बालाघाट (म.प्र.)
मो. 9300686930

**मे. गुरूकृपा ट्रेडर्स**
सीमेंट व बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स
कक्कड़ ऑटो के पास
जी.ई.रोड, राजनांदगाँव
फोन : 403634, मो. 9301735501

**कौशलेन्द्र कुमार जोशी**
आयकर जीएस.टी कर सलाहकार
कामठी लाईन
राजनांदगाँव
मो. 9329195920

**कमल राईस मिल**
ग्राम : फरहद, जि. राजनांदगाँव
फोन : 226036, मो. 9589357000
भगवानदास अग्रवाल
बसंतपुर, राजनांदगाँव

**जयास हाईड्रोलिक**
सभी प्रकार के होज़ पाईप के विक्रेता
राजनांदगाँव
मो. 9479049131

**मे. अन्नपूर्णा इंटरप्राइजेस**
अल्ट्राटेक सीमेंट डिपो
दुकान नं. 4, महोली रोड
मथुरा. मो. 9412278121

**निल्लेमा**
(Live - in - Style)
निर्माता - बेडशीट एवं साड़ियाँ
रविन्द्र पल्ली, केस्टोपुर, कोलकाता
फोन 033-2510016, 9903165641

**अग्रवाल मिनरल्स**
27 खोली, विकास नगर
बिलासपुर - 405036
मो. 98271 65759

**मे. गुरूकृपा सेल्स कार्पोरेशन**
जनरल आर्डर सप्लायर्स
राजनांदगाँव. मो. 98271 84500

**आर्यन एनर्जी**
'अशोका प्लेटिनम', बी-8,
अशोका रत्न, शंकर नगर
रायपुर मो. 9981633819

**अनिल कुमार शर्मा**
कैलाश नगर, राजनांदगाँव
मो. 9425559477

रूपनारायण
**संजय कुमार अग्रवाल**
उत्कर्ष अवंतिका, तीसरी मंजिल
रामदास पेठ, नागपुर
मो. 98225 66169

**अवधेश जोशी**
आयकर, वाणिज्यकर अधिवक्ता
देना बैंक के सामने
कामठी लाईन, राजनांदगाँव
मो. 9826833409

**Hardik & Company**
Dealer - Cement & Steel
Sssom International Foods
3rd Floor, Kumar Orion
Taj Vivanta Road, PUNE (M.H.)
Mo. 9822080318

**Complete Legal Solution LLP**
C/o. Vastu Sadan, Ground Floor
C-4, Sector-1, Beside Nagar Nigam
Zone-3 Gate, Shankar Nagar
Choupati, Raipuar (C.G.)

# श्री श्याम कुटी परिवार, दासी श्याम मण्डल

## रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव (छ.ग.)

ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः ॐ श्री दासी श्याम देवाय नमः

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com